दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 06 सितम्बर -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 327 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

शिक्षक दिवस पर 50 टीचर्स नेशनल अवार्ड से सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए अवॉर्ड

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने चयनित पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कर्नाटक के नरसिम्हा मूर्ति एचके, पश्चिम बंगाल के आशीष कुमार रॉय और उत्तर प्रदेश से रविकांत द्विवेदी समेत 50 लोगों को सम्मानित किया है।

50 हजार रुपये नकद और सिल्वर मेडल : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित शिक्षकों को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, सिल्वर मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी ने जिन 50 शिक्षकों का आज पुरस्कार देकर सम्मानित किए हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं।

बेस्ट टीचर्स : अविनाशा शर्मा (हरियाणा), सुनील कुमार (हिमाचल प्रदेश), पंकज कुमार गोयल (पंजाब), राजिंदर सिंह (पंजाब), बलजिंदर सिंह बराड़ (राजस्थान), हुकम चंद चौधरी (राजस्थान), कुसुम लता गरिया (उत्तराखंड), चंद्रलेखा दामोदर मेस्त्री (गोवा), चंद्रेश कुमार बोलाशंकर बोरिसागर (गुजरात), विनय शशिकांत पटेल (गुजरात), माधव प्रसाद पटेल (मध्य प्रदेश), सुनीता गोधा (मध्य प्रदेश), के. शारदा (छत्तीसगढ़), नरसिम्हा मूर्ति एच.के. (कर्नाटक), द्विति चंद्र साहू (ओडिशा) आदि शिक्षकों को किया गया सम्मानित।

ये बात है निगम के एजेंडे से लेकर अफसरों तक भी होर्ड

नगर निगम में कब बुलाई जायेगी बैठक ऑफ बोर्ड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कुछ चीजें नगर निगम में ओपन हैं और उनमें लैटर वॉर ओपन है। कुछ चीजें छन-छन कर बाहर आती हैं और वो ये है कि नगर निगम के बडे साहब और नगर निगम की मुखिया के बीच ट्यूनिंग ऐरर है। जब लैटर वॉर शुरू हुआ था तो पार्षदों को एक-एक करोड़ के विकास का ऑफर दिया गया था। वहीं निगमकी बोर्ड बैठक के लिए दो तारीख रखी गई थी। जिनमें एक तारीख पर हाऊसटैक्स को लेकर बैठक होनी थी और दूसरी तारीख में निगम कार्यकारिणी चुनाव होने थे। जब सदन में कुल बहूमत फूल वालों का है तब ये करिश्मा भी हुआ कि ना तो बोर्ड बैठक किसी नतीजे पर पहुंचे और नगर निगम के इतिहास में यह भी हुआ कि सुबह से शाम हो गई और कार्यकारिणी का चुनाव ही नहीं हो पाया। मेयर ने चुनाव स्थगित कर दिया और फिर अभी तक नगर निगम की बोर्ड बैठक नहीं हुआ निगम कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हुआ। इसमें पहले ये बताया गया था कि जब तक किसी भी सदन का सत्र चलता है जब तक निगम की बोर्ड बैठक नहीं बुलाई जा सतकी। तकनीकी कारण ये है कि विधानसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य, राज्यसभा सदस, लोकसभा सदस्य, नगर निगम सदन के पदेन मैम्बर होते हैं। ऐसे में ये नियम है कि अगर सत्र चल रहा है तो पदेन सदस्य निगम की बोर्ड बैठक में भाग नहीं ले सकते। लिहाजा बैठक अधूरी मानी जायेगी। मगर बताते हैं कि अब सदन का सत्र भी पूरा हो गया लेकिन विचित्र सीन ये है कि नगर निगम से बोर्ड बैठक नहीं बुलाई जा रही। पार्षदों का कहना है कि बोर्ड बैठक बुलाई जायेगी तो बजट पर मुहर लेगी। वित्त आयोग का पैसा किस वार्ड में किस मद में कितना लगना है ये तय होगा और बोर्ड बैठक से पहले निगम कार्यकारिणी चुनाव होगा और नए सदस्यों के साथ नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर ताजपोशी होगी। लेकिन बोर्ड बैठक टल रही है और अभी कुछ नहीं कहा जा सकता कि ये बैठक कब होगी। पार्षद ही ये सवाल कर रहे हैं कि ये बोर्ड बैठक क्यों हो रही। कार्यकारिणी चुनाव क्यों नहीं कराया जा रहा।

क्या हो रहा है किसी की रवानगी का इंतजार

करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक नहीं हो रही, कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हो रहा और नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष नहीं चुना जा रहा। ये तब है जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है। नगर निगम में भाजपा के बहुमत का ये आलम है कि 100 पार्षदों में 75 पार्षद उसके हैं। कांग्रेस का एक पार्षद एक निर्दलीय पार्षद और चार अन्य पार्षद अघोषित रूप से भाजपाई बनकर काम कर रहे हैं। उनका वोट सपोर्ट भाजपा के पक्ष में है। लेकिन उसके बाद भी नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव नहीं हो पाता। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव नहीं हो पाता। भाजपा के पार्षद मोर्चा खोलते हैं और फिर सत्र खत्म होने के बाद भी विचित्र स्थिति ये है कि चुनाव नहीं हो रहा। सूत्र बताते है कि नगर निगम में तकरार है और यहां किसी की रवानगी का इंतजार है। माना जा रहा है कि नगर निगम में किसी की रवानगी का इंतजार हो रहा है और उस रवानगी के साथ ही किसी नई आमद के साथ बोर्ड बैठक की भूमिका बनेगी।

संगठन के हाथ में रहेगा रिमोट और निगम के हाथ में रहेंगे वोट

करंट क्राइम। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में पार्षद राजीव शर्मा ने पर्चा भरा। उन्होंने मेयर को आश्वस्त किया कि वह भाजपा की वोट वाली व्यवस्था में एन्ट्री लिए बिना अपनी सीट निकालने का दम रखते है। उन्होंने कहा कि वह अपने वोटों की परेड करा सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि अब यहां पर नगर निगम और संगठन दोनों का दखल रहेगा। संगठन के हाथ मं निगम के कार्यकारिणी चुनाव का रिमोट रेहेगा। कार्यकारिणी वाले नाम महनगर संगठन से तय होकर आयेंगे। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का नाम संगठन से फाईनल होगा और फिर पूरे चुनावी सिस्टम का रिमोट संगठन के पास रहेगा और वोट नगर निगम के पास रहेंगे। इस बार कोई लुका-छिपी नहीं होगी और चुनाव के साथ नतीजा आ जायेगा।

14 या 15 सितम्बर को सीएम योगी आदित्यनाथ आएंगे गाजियाबाद

10 सितम्बर की तिथि में हुआ बदलाव स्थान रहेगा वही घंटाघर रामलीला मैदान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं। संगठन और प्रशासन को इसके संकेत मिल चुके हैं। पहले उनके आने की प्रस्तावित तिथि 8, 9 और 10 सितम्बर बताई जा रही थी इनमें भी 10 सितम्बर को फाईनल माना जा रहा था। सूत्र बताते हैं कि अब स्थिति में परिवर्तन हो गया है।

अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 या 15 सितम्बर को गाजियाबाद आ सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दो तारीखों में से एक तारीख फाईनल होगी। अन्य कार्यक्रम यथावत रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे। यहां युवाओं को लैपटॉप बांटे जायेगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक जनसभा को सभी सम्बोधित करेंगे। यह जनसभा घंटाघर रामलीला मैदान में होगी। यहां पर मुख्यमंत्री के आगमन को शहर विधानसभा वाले उपचुनाव से जोडकर भी देखा जा रहा है। क्योंकि अक्टूबर महीने में अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है और दिसम्बर महीने में यहां चुनाव होना है। ऐसे में उससे पहले शहर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा का अपना एक संदेश जाना है। यहां केवल जनसभा ही नहीं होनी है बल्कि सरकार की गई योजनाओं का भी शुभारंभ होना है शिलान्यास होना है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि शहर विधानसभा क्षेत्र के मुख्यमंत्री विकास का संदेश देंगे और एक तरीके से ये चुनावी शंखनाद भी हो सकता है।

खोड़ा में अवैध निर्माण पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

न्यायालय ने लिया संज्ञान और मांग लिया नगर पालिका अधिकारियों से जवाब

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा में कई निर्माण अवैध हुए हैं और इन अवैध निमार्णों की गूंज न्यायालय तक पहुंची है। बताया जाता है कि न्यायालय ने इन अवैध निमार्णों का संज्ञान लिया है और अधिकारियों से जवाब मांग लिया है। खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद में अवैध निर्माण हुए हैं और यहां पर प्रवासी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानन्द मिश्रा द्वारा हाईकोर्ट इलाहाबाद में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद खोडा मकनपुर प्रशासन से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। शिकायत में ये कहा गया है कि खोड़ा क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की कर्मचारियों की सांठ गांठ से अवैध निर्माण कराये गये हैं। प्रवासी सेवा ट्रस्ट के द्वारा एक याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। हाईकोर्ट में दयानन्द मिश्रा की जनहित याचिका संख्या 1697 का संज्ञान लिया है और अधिकारियों से जवाब मांगा है।

4 अक्टूबर को होगी अवैध निर्माण पर अगली सुनवाई

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका परिषद में अवैध निर्माण को लेकर हाईकोट में याचिका दायर की गई है और जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विकास की खण्डपीठ ने नगर पालिका परिषद एवं सरकार के अधिवक्ताओं से याचिका में दिये गये तथ्यों पर आवश्यक कार्यवाही कर निर्देश प्राप्त करने के आदेश दिये है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को होनी है।

जैन धर्म के क्षमा पर्व पर 8 सितंबर को रहेगा नो नॉनवेज डे

नगर निगम ने जारी की सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना
मौंस-मछली की दुकानें/ठेली बन्द रखने के सम्बन्ध में
जन स्वास्थ्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी
नगर निगम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी की ओर से 8 सितंबर को मांस मछली की दुकानें व ठेली बंद रखने के संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। इसमें हवाला दिया गया है कि 8 सितंबर को जैन धार्मिक पर्यूषण पर्व -क्षमा पर्व है। जो जैन समुदाय के लोगों द्वारा मनाया जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मांस-मछली व्यवसाईयों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 8 सितंबर को मांस मछली की दुकान को पूर्णतया बंद रखा जाए। इस दिन किसी भी तरह की मांस मछली का विक्रय करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित व्यवसायी इस दोष के लिए खुद भी जिम्मेदार होगा।

पुलिस को भी किया गया है एक्टिव

करंट क्राइम : उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अभी पुलिस ने इसको लेकर कोई अपना व्यक्तिगत निर्देश नहीं दिया है लेकिन नगर निगम द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना को अमल में लाने के लिए पुलिस ने संबंधित थाना और चौकी प्रभारी के स्तर पर इस नियम का पालन करने के निर्देश दे दिए हैं। साथ ही नियम तोड़ने वाले के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई भी कर सकती है। बता दें की जैन धार्मिक क्षमा पर्व 8 सितंबर को है। इसको लेकर जैन समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उस दिन नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में मांस-मछली की दुकानें- बैठी बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

आम आदमी को ना हो नुकसान और भ्रष्टाचार पर लगे लगाम

करंट क्राइम। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष अवैध निर्माण को लेकर तत्कालीन अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखती रहीं और वो पत्रों को फाईल में रखते रहे। अध्यक्ष का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से ये काम हुआ। अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने कहा कि मैंने पहले भी कई बार पत्र लिखे और सबसे बड़ी बात ये है कि लोगों को गुमराह करके यहां अनुमति लिये जाने की बात पता चली है। ऐसे में मोहिनी शर्मा ने ये मांग की है कि आम आदमी पर कोई भी कार्यवाही करने से पहले नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। बताया जाता है कि प्रवासी सेवा ट्रस्ट द्वारा जनहित याचिका संख्या 1697 के द्वारा ये याचिका दायर की गई और उसी के बाद इस मामले ने गति पकड़ी है। खोड़ा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मोहिनी शर्मा का कहना है कि मेरे द्वारा कई बार आदेश दिये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। यदि अधिशासी अधिकारी उसी समय एक्शन लेते तो अवैध निर्माण को रोका जा सकता था। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद की अरबो रुपए की जमीन पर कब्जा हो गया।

अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने कहा कि मैंने पहले भी कई बार पत्र लिखे और सबसे बड़ी बात ये है कि लोगों को गुमराह करके यहां अनुमति लिए जाने की बात पता चली है।

पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने पूर्व में दिये निर्देश और अधिकारियों ने नहीं की कार्रवाई

करंट क्राइम। खोड़ा मकपुर नगर पालिका क्षेत्र में अवैध निर्माण होते रहे। आरोप ये है कि नगर पालिका क्षेत्र में यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों की साठंगाठ से पालिका की परिसीमा में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया। बताया जाता है कि खोड़ा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मोहिनी शर्मा द्वारा कई बार आदेश दिये गये। लेकिन तत्कालीन अधिशासी अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष का आरोप है कि अवैध निर्माण के सम्बन्ध में कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। उनके द्वारा पहले भी मामलों को उठाया गया था। यहां मूल रूप से खोडा में बने अवैध बिल्डिंगो को टारगेट किया गया है।

महानगर अध्यक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती है पांच लाख की सदस्यता वाला टारगेट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनाव हो चुके हैं निगम चुनाव हो चुके है और अब ये कहा भी जाता है कि लहर खत्म हो गई है। ऐसे में शहर में विधानसभा चुनाव भी है और भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हुआ है। भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पांच लाख कार्यकताओं की सदस्यता का लक्ष्य तय किया है। ये लक्ष्य भगवा कमांडर के लिए एक चुनौती भी है क्योंकि भाजपा का जो पहला सदस्यता अभियान था वो 4 लाख का था। संजीव शर्मा ने तब महानगर अध्यक्ष रहते हुए इस लक्ष्य को पूरा किया था और अब उन्होंने प्रेस वार्ता में स्वयं 5 लाख सदस्यता का लक्ष्य रखा। संजीव शर्मा ने कहा कि हमें इस लक्ष्य को हासिल करना है। वहीं भाजपा के कई नेता भी मानते हैं कि ये लक्ष्य मौजूदा परिस्थितियों में संजीव शर्मा के लिए एक बड़ा चैलेंज हैं क्योंकि इस बार हालात में अंतर है। लेकिन संजीव शर्मा ने ये चैलेंज स्वीकार किया है और इस जादूई आंकडे को छूना एक बड़ी चुनौती रहेगी।

बदले हुए हालात में लक्ष्य को पूरा करना है एक बड़ा काम

पीएम से लेकर सीएम के कार्यक्रम तक सफलता की गारंटी हैं संजीव शर्मा

करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने 5 लाख की सदस्यता का टारगेट तय किया। पिछले अभियान के मुकाबले इसमें एक लाख सदस्यों का इजाफा है। संजीव शर्मा के अगर कार्यक्रम रिकार्ड को देखें तो हर कार्यक्रम में सफलता का अवार्ड उन्हें ही मिला है। प्रधानमंत्री के रोड शो से लेकर मुख्यमंत्री की जनसभा के कार्यक्रम उन्हीं के नेतृत्व में हुए हैं, उन्हीं के महानगर क्षेत्र में हुए है। ऐसे कई कार्यक्रम हैं जब संजीव शर्मा सफलता के साथ पूरा कर चुके हैं। सफल कार्यक्रमों की एक बड़ी लिस्ट उनके नाम हैं। ऐसे में संजीव शर्मा का नाम ही सफलता की गारंटी माना जाता है। लिहाजा यहां भाजपा वालों का ये मानना है कि अभी तक उन्होंने कई जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाया है। लिहाजा भाजपा का सदस्यता अभियान भी उनके लिए आसान ही रहेगा। वो एक थीम के साथ काम करते हैं वो एक टीम के साथ काम करते हैं। तभी तो जितने भी बड़े और चैलेंजिंग कार्यक्रम आते है वो अपनी पृष्ठभूमि में महानगर की जमीन को लेकर आते हैं। संगठन भी कार्यक्रम वहीं देता है जहां सफलता की गारंटी होती है।

शहर में नहीं है लहर और चुनौतियों का है एक भंवर

करंट क्राइम। हर चीज का एक समय होता है और मानने वाले ये मानते हैं कि अब शहर में लहर जैसी कोई चीज नहीं है और संजीव शर्मा के सामने चुनौतियों का एक भंवर है। जब पूर्व में अभियान चले थे तब योगी लहर मोदी लहर थी लेकिन अब लोकसभा चुनावों के बाद यूपी के नतीजे इस बात को इंडीकेट कर रहे हैं कि लहर नहीं है। गाजियाबाद में भले ही भाजपा को जीत हासिल हुई हो लेकिन यहां भाजपा का वोट प्रतिशत नीचे आया है और कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। वहीं ये भी माना जा रहा है कि यहां गुटबाजी और भीतरघात के लक्षण है। संजीव शर्मा के साथ संगठन के कुछ चेहरे पूरी मजबूती के सामने लगे हैं और कुछ ऐसे पदाधिकारी भी हैं जिन्होंने असहयोग आंदोलन चला रखा है। यहां तक की जब प्रदेश अध्यक्ष गाजियाबाद आये तब भी ये चेहरे घर से निकलकर नहीं आये। खुद को डिएक्टिव मोड पर रखा और ऐसा लगता है कि जैसे उन्होंने संजीव शर्मा का सियासी साथ छोड़ रखा है। ये चेहरे पार्टी कार्यालय पर नहीं आते। ऐसे में ये चुनौती बढ़ेगी। संजीव शर्मा की मदद के लिए सांसद विधायक सब अभियान में जुटे हैं लेकिन यहां ये देखना रोचक रहेगा कि मंडल प्रकोष्ठ और प्रकल्प से कितना माईलेज मिलता है।

टारगेट हुआ पार तो संजीव शर्मा बनेंगे बड़े दावेदार

करंट क्राइम। ये भी एक अजीब सियासी शय है कि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने मुंह से चुनाव की दावेदारी नहीं की है लेकिन उन्हें दावेदार माना जा रहा है। संजीव शर्मा ने शहर विधानसभा में एक धार्मिक अनुष्ठान कराया और इसी के साथ उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। यहां पर कहने वाले इसी बात को कह रहे हैं कि अगर संजीव शर्मा ने 5 लाख का टारगेट पूरा कर लिया तो वो एक बड़े दावेदार के रूप में सामने आयेंगे। दावेदारी मजबूत हो जायेगी। क्योंकि टारगेट पूरा होना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और संजीव शर्मा को वैसे भी लोकप्रिय अध्यक्ष माना जाता है। कार्यकताओं के परिवार को बढ़ाने का लक्ष्य उन्होंने तय कर लिया है और यदि संजीव शर्मा इस टारगेट को पूरा नहीं कर पाये तो कहीं ना कहीं उनके विरोधी उन्हें घेरेंगे।

30 दिन में चौथी बार अयोध्या पहुंचे सीएम योगी, बोले काशी के बाद अब अयोध्याधाम भी तमिलनाडु से जुड़ा

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ स्वामी मंदिर के कुंभाभिषेकम और जीर्णोद्धार समारोह में कहा कि अयोध्या और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है। हजारों वर्ष पहले श्रीराम श्रीलंका में सीता माता की खोज के लिए निकले थे तब उन्होंने तमिलनाडु में भगवान शिव की आराधना की थी, जहां आज रामेश्वरम स्थापित है।

भगवान शिव की कृपा से सेतुबंध का भी निर्माण हुआ था। एक मान्यता और है कि भगवान जब सीता को लेकर वापस आ रहे थे तो माता सीता ने रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की थी। संपूर्ण भारत एक है, यह आध्यात्मिक परंपरा आगे बढ़ रही है। अयोध्या में रामनाथ स्वामी का मंदिर बन गया है। मत, संप्रदाय, पंथ की उपासना विधि की अनेकता के बावजूद एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मोदी जी की प्रेरणा से काशी तमिल संगम के दो संस्करण हो चुके हैं। काशी के बाद अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संकीर्णता में फंसे कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे समय में रामनाथ स्वामी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का समारोह एक नई प्रेरणा हो सकता है। इससे प्रेरित होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाएंगे। भारत सांस्कृतिक रूप से हर कालखंड में एक रहा है। वैदिक साहित्य इसका उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। हमारे शास्त्र इसका उदाहरण है। संतों की परंपरा, धर्म स्थल इनके प्रमाण हैं। सरकार अलग-अलग रही हो लेकिन सांस्कृतिक एकता कभी खंडित नहीं हुई। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या दुनिया की सबसे सुंदर आध्यात्मिक नगरी बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को 30 दिन के भीतर चौथी बार अयोध्या पहुंचे। सीएम रामसेवक पुरम में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत कर रहे हैं। वे 25 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित कर रहे हैं। यहां पहुंचने पर उनका दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया।

यहां अशोक सिंहल फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। इन दोनों कार्यक्रमों के बाद सीएम रामलला और हनुमानगढ़ी के दरबार में भी हाजिरी लगाएंगे। अयोध्या में दक्षिण भारतीय परंपरा के पहले शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सीएम योगी आदित्यनाथ ने की।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रण में उतरेंगे पीएम मोदी, तीन रैलियों को करेंगे संबोधित

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रचार में उतरेंगे। पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जम्मू-कश्मीर में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के जम्मू-कश्मीर महासचिव अशोक कौल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। अशोक कौल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जम्मू संभाग में दो और कश्मीर में एक रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे पर आएंगे। वह 6 सितंबर को जम्मू में भाजपा का चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे। अमित शाह शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान कश्मीर घाटी का भी दौरा कर सकते हैं। भाजपा महासचिव अशोक कौल ने कहा, भाजपा के उम्मीदवारों ने बुधवार को श्रीनगर में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कई लोग उनके समर्थन में वहां मौजूद रहे। कौल ने कहा, कश्मीर के लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर पूरा भरोसा है और वे मौजूदा विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करेंगे। इस बीच, भाजपा के सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रैली डोडा जिले में होने की संभावना है, जो हाल ही के दिनों में आतंकवादी हमलों का गवाह रहा है। सूत्रों ने कहा, भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी जैसे एक बड़े नेता की जरूरत है, जो जम्मू-कश्मीर में पिछले 10 वर्षों के दौरान हुए बुनियादी ढांचे, सुरक्षा और पर्यटन विकास के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए रैली में भीड़ जुटा सकें।जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा अकेले ही उतरी है। पार्टी के जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि भाजपा घाटी के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जमीनी हालात को देखते हुए निर्दलीय विधायकों का समर्थन कर सकती है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस 52 सीटों और कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा उन्होंने एक-एक सीटें सीपीआई (एम) और पैंथर्स पार्टी के लिए छोड़ी हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव होने हैं। घाटी में 47 और जम्मू संभाग में 43 सीटें हैं। कुल नौ सीटें, एसटी और सात सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं।

शंभू दयाल डिग्री कॉलेज के सभागार में मनाया गया शिक्षक दिवस

मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा का किया गया स्वागत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विद्यार्थी विकास समिति (रजि.) के तत्वावधान में शंभू दयाल डिग्री कॉलेज के सभागार में मनाया गया शिक्षक दिवस। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न कॉलेजों के अध्यापकों को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा रही। शंभू दयाल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश मिश्रा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉली शर्मा का फूलमाला से स्वागत किया गया।

सम्मानित होने वाले अध्यापकों में एस डी कॉलेज गाजियाबाद के प्रोफेसर अजय उपाध्याय, प्रोफेसर राज नारायण शुक्ला, गौतम बंसल, प्रोफेसर वंदना शर्मा, प्रियंका गंगवार, डॉ. रश्मि गोयल। मुरारी लाल पब्लिक स्कूल से उमा शर्मा जी (उप प्रधानाचार्य), नलनी मोगा। कन्या वेदिक इंटर कॉलेज से काजल अत्री, रश्मि राज। नगर पालिका इंटर कॉलेज से नीलम सिंह, रितु सिंह। शिलर सेकेंडरी स्कूल से अभिषेक राय, जोसेफ अलेक्जेडर।

शिष्य का चरित्र व संस्कार शिक्षक ही करते हैं सुदृढ़ : अनुराग गुप्ता

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र में ओम सन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल प्रिंसिपल शालिनी अग्रवाल, स्कूल डायरेक्टर अनुराग गुप्ता व वाइस प्रिंसिपल डा. पूर्णिमा वार्ष्णेय ने समस्त स्टाफ के साथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि समर्पित करके किया। शिक्षक दिवस की महत्ता व उसकी महिमा का वर्णन करते हुए काजल, गार्गी, पायल ने अपने शिक्षकों को सम्मान देते हुए मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर अनुराग गुप्ता ने बताया कि शिक्षक दिवस साल का सर्वश्रेष्ठ दिवस होता है, जिसमें छात्र को अपने शिक्षक का मार्गदर्शन मिलता है और वह जीवन के पथ पर आगे बढ़ता हुआ अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। हमारा चरित्र व संस्कार शिक्षक ही सुदृढ़ व संस्कारित करते हैं। स्कूल प्रधानाचार्या और उपप्रधानाचार्या डा. पूर्णिमा वार्ष्णेय ने कहा कि छात्रों को शिक्षकों के प्रति सम्मान रखना चाहिए। यही शिक्षकों के प्रति उनका असली सम्मान है। इस अवसर पर सभी छात्रों के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कमेटी डालने के नाम पर लाखों की ठगी

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक युवक ने कमेटी डालने के नाम पर नौ लोगों से बीस लाख रुपए से अधिक की रकम ठग ली और फरार हो गया। ठगी के शिकार हुये लोगों ने थाने में तहरीर दे पुलिस से कार्रवाही की मांग की है, पुलिस जांच कर रही है।

राजबाला एन्कलेव में रहने वाला एक शातिर युवक कमेटी डालने का काम करता था। उसके पास नगर के मुकेश जैन, पंकज मित्तल, सुशील त्यागी, अनुराग गुप्ता एडीके बैट्री, अमित कुमार सहित नौ से अधिक लोगों ने कमेटी डाल रखी थी।

जिनका उस पर बीस लाख रुपए से अधिक बकाया है। पीड़ितों का आरोप है कि कमेटी डालने वाला युवक तीन दिन पहले ही अपना मकान बेच व घर का सारा सामान लेकर रफू चक्कर हो गया। पुलिस जांच के बाद कार्रवाही की बात कह रही है।

महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सिखाएगी आत्मरक्षा के गुण

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में स्थित महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए एक सेंटर का उद्घाटन कोमल चौधरी समाज सेवी और पारुल चौधरी पिंक बूथ प्रभारी द्वारा सयुक्त रूप से फीता कटवाकर किया गया।

विशिष्ट अतिथि रविंद्र तेवतिया और शोभा यादव रही। दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्म निर्भर बनाना है।आज दो प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घघाटन किया गया, जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षण और सामान निशुल्क दिया जायेगा। साथ साथ उनको आत्म रक्षा के गुण भी सिखाए जायेंगे। पारुल चौधरी पिंक बूथ प्रभारी ने महिलाओं को 1090 की जानकारी और पिंक बूथ की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 लड़कियों ने प्रतिभाग किया । शिक्षक दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में राजकुमारी, सविता, आरती, प्रिया, मीनाक्षी, प्रीति, विधि, मनीषा, मोनी, रीया आदि मौजूद रहीं।

शालीमार गार्डन में चार दुकानों में आग लगने से हड़कंप

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो शिव चौक के पास एक बिल्डर अपार्टमेंट की चार दुकानों में गुरुवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में एक पालतू पशुओं की दुकान भी चपेट में आ गई और दो बिल्लियों की मौत हो गई। दुकानदार व खरीददारों के साथ ऊपर फ्लैटों में रहने वाले लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। तीन पालतू कुत्तों व एक बिल्ली को दमकल टीम ने बचा लिया। पांच गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान अफरातफरी मची रही।

शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो स्थित 150 फुटा रोड पर एक बिल्डर अपार्टमेंट बना हुआ है। इस अपार्टमेंट मे ऊपरी दो मंजिल पर 18 फ्लैट बने हुए हैं, जिनमें 16 परिवार रह रहे हैं। इमारत में लोअर ग्राउंड व अपर ग्राउंड पर चार-चार दुकानें बनी हैं। लोअर ग्राउंड पर दो दुकान कृपा राम गुप्ता की पूजन सामग्री पुपगण पाषाण गुणा पग पूणण की दुकान है। इसके अलावा नीरज चौधरी का प्रॉपर्टी कॉर्यालय और जाफराबाद, दिल्ली निवासी चांद मोहम्मद की पालतू पशुओं की दुकान है। पुलिस की माने तो प्रॉपर्टी वाले कार्यालय में सबसे पहले शार्ट सर्किट से आग लगी। इसके बाद आग ने पूजा सामग्री की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और बाद में पशुओं की दुकान में भी आग लग गई। दमकल विभाग के अनुसार लगभग पौने दो बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इस दौरान पूजा सामग्री वाली दुकान में ज्वलनशील पदार्थ रखा होने के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। साहिबाबाद से दो और फायर स्टेशन वैशाली से तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस दौरान दमकलकर्मियों ने आग पर डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। टीम ने सबसे पहले बिल्डिंग को खाली कराया। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पालतू जानवरों की दुकान से कई जानवरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

फेमिना मिस इंडिया 2024 विजेताओं ने यशोदा हॉस्पिटल का किया दौरा

महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण : सिफ़्ती सारंग

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में फेमिना मिस इंडिया 2024 के तीन स्टेट विजेताओं दिल्ली की सिफ़्ती सारंग, उत्तर प्रदेश की दिव्यांशी बत्रा और हिमाचल प्रदेश की आभा काटरे ने अस्पताल का दौरा करने पहुंचीं। तीनों ने ब्रेस्ट कैंसर, सर्विकल कैंसर और महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से विजेताओं का स्वागत किया गया और उन्हें यशोदा हॉस्पिटल के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सेवाओं से अवगत कराया गया। विजेताओं ने यशोदा कॉस्मेटिक बुटीक, यशोदा आईवीएफ सेंटर और जल्द ही खुलने वाले 1200-बेड के यशोदा मेडिसिटी की सुविधाओं को जनहित में बताया और अस्पताल के कार्यों के लिए सराहना की। इस दौरान, विजेताओं ने स्वास्थ्य और महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। सिफ़्ती सारंग ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमें इसे प्राथमिकता देनी चाहिए। दिव्यांशी बत्रा ने कहा, महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आभा काटरे ने भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ.पीएन अरोड़ा ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए यशोदा अस्पताल कौशाम्बी हमेशा से कार्यरत रहा है। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि ये युवा महिलाएं समाज में बदलाव लाने की प्रतीक हैं। अस्पताल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा ने कहा कि फेमिना मिस इंडिया विजेताओं के इस दौरे ने हमारे अस्पताल में एक नई ऊर्जा भर दी है।

आठ माह में 150 युवा हेरोइन से मरे... माएं तड़प रहीं, घर उजड़ रहे, फिर भी ये सियासी मुद्दा नहीं

जम्मू। पंजाब की तरह जम्मू भी चिट्टे की चपेट में आकर आठ माह में 150 युवाओं की मौत हो गई। चार साल में मामले दोगुने हो गए हैं। तस्करी के रूट बढ़ गए हैं। फिर भी ये सियासी मुद्दा नहीं है। पंजाब के बाद अब जम्मू नशे का ट्रांजिट कैंप बन गया है। अभिभावकों, नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही टीम जम्मू के प्रधान जोरावर सिंह व पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आठ महीने में 150 युवकों की हेरोइन (चिट्टा) की ओवरडोज से मौत हो चुकी है। माएं तड़प रही हैं। घर उजड़ रहे हैं लेकिन पार्टियों के लिए विधानसभा चुनाव में ये मुद्दा नहीं है। चिट्टे के नाम से मशहूर हेरोइन का इस्तेमाल करने वाले प्रदेश में चार वर्ष में दोगुने हो गए हैं। शहर की रेशम घर कॉलोनी में रहने वाले वार्ड प्रधान पवन शर्मा का दावा है कि उनके बेटे समेत डेढ़ साल में चिट्टे से 11 मौतें हो चुकी हैं। तस्करी के मामले और इसमें गिरफ्तार होने वालों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। नशा छुड़ाने के लिए अस्पताल में पहुंचने वालों की संख्या भी दोगुनी है। नशा तस्करी के रूट बढ़ गए हैं। पिछले दस वर्ष में जम्मू की ये तस्वीर बदलने में अभी तक की सरकारें सफल नहीं हो पाई हैं। अब विधानसभा चुनाव है। नेता 370 की बहाली से लेकर राज्य के दर्जे, बेरोजगारी को मुद्दा बना रहे हैं लेकिन नशे की दलदल में फंस रहे प्रदेश को बाहर निकालने का किसी के पास रोडमैप नहीं है। जम्मू कश्मीर में तस्करी के 150 रूट हैं। इनमें कुपवाड़ा, बारामूला, राजोरी, पुंछ सीमा, सांबा, कठुआ और जम्मू सीमा स्थित गांव शामिल हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, अपनी पार्टी के घोषणापत्र में नशे पर रोकथाम का कोई जिक्र नहीं है। प्रदेश में नशा तस्करी ने सामाजिक, आर्थिक व स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाला है। सूचना विभाग और पुलिस महकमे के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 से लेकर 2024 तक हर दिन औसतन पांच मामले हेरोइन बरामदगी के दर्ज हो रहे हैं और छह लोग गिरफ्तार हो रहे हैं। चार वर्ष में 600 किलो के करीब हेरोइन मिली है। ये बरामदगी का 10 फीसदी ही है। पाकिस्तान से हेरोइन आती है। 90 फीसदी सप्लाई तो पकड़ में ही नहीं आती। जम्मू एक तरफ एलओसी और आईबी से लगता है, तो दूसरी तरफ पंजाब के साथ। दोनों ही जगह आसानी से नशा उपलब्ध है। युवा इसकी चपेट में आ जाते हैं। इससे बचने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूलों का विशेष निगरानी रखना जरूरी है। लिहाजा इसकी जागरूकता सिलेबस में हो।

अभिभावकों का दर्द....आंखों के सामने बुझ गया घर का चिराग

जम्मू के वार्ड 13 के पार्षद पवन शर्मा बताते हैं कि मैंने आंखों के सामने अपने बेटे पंकज को मरता देखा। वह नशे की लत में जकड़ चुका था। मार्च 2024 में चिट्टे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई। मैं आईजी और एसएसपी से लेकर एडीजीपी तक गया और नशा बेचने वालों पर कार्रवाई करने की अपील की लेकिन कुछ नहीं हुआ।

बेटे के संस्कार के लिए पैसे न थे

रेशमघर की ही रहने वाली आशा रानी का 24 वर्ष का बेटा अंकुश नशे की ओवरडोज से मर गया। आशा ने बताया कि वह घर का सामान बेच देता था। 28 सितंबर 2023 को उसकी मौत हो गई। वह बख्शी नगर थाने में पांच बार गई और गुहार लगाई कि नशा बेचने वालों पर कार्रवाई करें। मेरे पास संस्कार तक के लिए पैसे नहीं थे।

नशा करने वालों की संख्या दोगुनी

जम्मू नशा मुक्ति केंद्र के अनुसार वर्ष 2021 में जम्मू के नशामुक्ति केंद्र में 600 लोग नशा छुड़ाने के लिए पंजीकृत हुए। ये आंकड़ा अब 1070 पहुंच चुका है। वर्ष 2021 में हर दिन औसतन 10 नए लोग नशे की लत छुड़ाने आते थे। अब हर दिन औसतन 30 से 50 लोग पहुंच रहे हैं।

ऐसे फंसाते हैं जाल में

होरोइन की एक डोज दो से तीन हजार की है। पहले नशा तस्कर युवाओं को निशुल्क डोज देते हैं। एक बार ही में ही इसकी लत लग जाती है। लत लगने वाला इसका सेवन करने के लिए सप्लाई चेन में शामिल हो जाता है। पैसे की आपूर्ती के लिए वह अपराध करता है। चोरी के 80 फीसदी मामलों में नशेड़ी शामिल रहते हैं।

मौत का नशा...जिसने एक बार चखा, फिर नहीं बचा

गांजा, चरस और भुक्की, ये सब अफीम से तैयार होने वाले नशे हैं। हेरोइन एक सिंथेटिक ड्रग्स है। ये सबसे घातक है। इसे भी अफीम से तैयार किया जाता है। ये दिमाग पर अफीम से 100 गुना अधिक असर करती है।

लालकृष्ण आडवाणी के आवास जाकर जेपी नड्डा ने उन्हें फिर से बनाया पार्टी का सदस्य

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के संस्थापक नेताओं में शामिल रहे लालकृष्ण आडवाणी की सदस्यता का नवीनीकरण कर, उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाया। भाजपा अध्यक्ष ने लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचकर, उनकी पार्टी सदस्यता का नवीनीकरण किया। भाजपा के संस्थापक नेता लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह देश के उप-प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री भी रहे हैं। उन्हें केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। दरअसल, भाजपा देश भर में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चला रही है। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान का शुभारंभ 2 सितंबर को नई दिल्ली से किया था। भाजपा ने यह भी तय किया था कि पार्टी के नेता वरिष्ठतम और बुजुर्ग हो चुके नेताओं के घर जाकर उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाकर उनकी सदस्यता का नवीनीकरण करेंगे। इसी अभियान के अंतर्गत , भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आडवाणी के आवास पर पहुंचकर उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाया। इससे पहले, गुरुवार को ही सुबह भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के आवास पर जाकर, उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाया। दिल्ली से पार्टी के लोकसभा सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी इस मौके पर मौजूद रहे। भाजपा की सदस्यता फिर से लेने के बाद विजय कुमार मल्होत्रा ने जनसंघ और भाजपा के पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि भाजपा ने उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनने का मौका दिया है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 06 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने शुरू किया भाजपा का सदस्यता अभियान

गाजियाबाद में बनेंगे पश्चिम उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा सदस्य : सिसोदिया

उत्तर प्रदेश में तीन करोड़, पश्चिम क्षेत्र में 75 लाख और गाजियाबाद में 5 लाख सदस्य बनाने का रखा गया है लक्ष्य

गाजियाबाद, करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किया गया सदस्यता अभियान गुरुवार को गाजियाबाद में भी विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और पार्टी के विधायक, सांसद, महापौर, पूर्व विधायक और संगठन के प्रमुख चेहरों के बीच इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। शुभारंभ के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पत्रकारों से भी इस पूरे अभियान को लेकर जानकारी दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा नए सदस्य बनाएगी, तो वहीं यूपी में पहले दो करोड़ का लक्ष्य था, जिसे बाद में अब 3 करोड़ कर दिया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि लक्ष्य को हम तीन करोड़ तक लेकर चल रहे हैं और उम्मीद है कि यह संख्या इससे भी आगे चली जाए। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा महानगर की तीन विधानसभा में मुरादनगर ,विधानसभा शहर विधानसभा, साहिबाबाद के साथ ही ग्राम और पंचायत क्षेत्र में प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य के साथ ही 5 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे सफलतापूर्वक हासिल कर लिया जाएगा। इसके लिए पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी बूथ स्तर पर काम कर रहा है।

लक्ष्य छोटा हो पर परिश्रम अधिक करेंगे कार्यकर्ता : सत्येंद्र सिसोदिया

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने भाजपा सदस्यता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। बीजेपी की सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसमें शहर प्रत्येक बूथ, प्रकोष पर सदस्य बनाए जाएंगे। एक मोबाइल नंबर से एक ही सदस्य बनाया जा सकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि भले लक्ष्य छोटा हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर नए सदस्य बनाएगा। सक्रिय सदस्यता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 100 सदस्य अवश्य बनाने हैं अगर कहीं पर नेटवर्क समस्या है तो वहां ऑफलाइन सदस्य बनाए जा सकेंगे लेकिन सूचीबद्ध करके उनका नाम, मोबाइल नंबर भरकर सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनना आवश्यक होगा। साथ ही 100 रुपये की धनराशि नमो ऐप के माध्यम से भुगतान भी करना होगा।

घर- घर जाएंगे भाजपा के जनप्रतिनिधि, बढ़ाएंगे सदस्यों की संख्या : संजीव शर्मा

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा है की सदस्यता अभियान को ऐतिहासिक बनाना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने जो सदस्यता अभियान शुरू किया है उसे आगे लेकर जांऐगे। इसी कड़ी में 11 से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क का सदस्यता को और मजबूत किया जाएगा। 11 सितंबर को प्रदेश पदाधिकारी और सभी जनप्रतिनिधि जिसमें सांसद, विधायक, एमएलसी, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य, नगर पालिका सदस्य, नगर पंचायत सदस्य, पार्षद और सभासद शामिल हैं वह घर-घर जाकर सदस्य बनवाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

बाजारों, दुकानों, व्यापार मंडल, रेलवे स्टेशन, कचहरी और कॉलेजों में चलेगा सदस्यता अभियान

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी जहां प्रदेश और देशभर में सदस्यता के अभियान को एक मिशन के रूप में लेकर चल रही है। तो इसमें वह आम लोगों की भागीदारी और हर वर्ग तक अपनी पहुंच रखने का भी काम करेगी। भाजपा की विशिष्ट सदस्यता अभियान को प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, कचहरी, कॉलेज के कैंपस, सभी सामाजिक संगठन, सामाजिक वर्ग, युवा वर्ग, महिलाओं, उद्यमी, किसान, अधिवक्ता, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी के साथ ही अधिकारी व युवाओं को कार्यकर्ता सदस्य बनने के लिए अलग-अलग जगह कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इसमें सभी जाति, सम्प्रदाय एव वर्गों सहित गली, मोहल्ला, वार्ड, शहर, सोसाइटीयों, कस्बा, गांव ,पंचायतों को जोड़ा जाएगा।

सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा सदस्यता की लिस्ट होगी क्रॉस चेक, गड़बड़ी का नहीं है कोई चांस

करंट क्राइम :गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदस्यता अभियान को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने सत्येंद्र सिसोदिया से पूछा की सदस्यता अभियान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, कोई आपराधिक छवि का व्यक्ति या नाबालिक या अनजान पार्टी से ना जुड़ जाए ,तो उसके लिए क्या किया जाएगा। सिसोदिया ने जवसब दिया है कि इसके लिए पूरी कार्यकर्ताओं और सदस्यों की एक चेकिंग टीम रहेगी, जो जांच करेगी कि इस प्रकार की कोई कमी तो नहीं रहेगी। यह साथ ही जो सदस्य सक्रिय सदस्य बनने की श्रेणी में आगे बढ़ेंगे उनको 100 सदस्य बनाने होंगे। साथ ही धनराशि नमो ऐप के जरिए भी अपनी डिटेल देनी होगी। इन सभी को क्रॉस चेक भी हर स्तर पर कराया जाएगा।

सांसद से लेकर पूर्व विधायक तक रहे कार्यक्रम में मौजूद

करंट क्राइम : इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, हातम सिंह नागर, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी , पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ शर्मा, पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह, राजेंद्र यादव, महानगर अभियान संयोजक पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, रनिता सिंह, चमन चौहान, संदीप त्यागी, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी, रूबी अग्रवाल, प्रताप चौधरी, वीरेंद्र सारस्वत , महिम गुप्ता, पार्षद शीतल चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपास्थित रहे।

10 सितम्बर को होगा सुल्लामल रामलीला भूमि पूजन

सांसद अतुल गर्ग रहेंगे मुख्य अतिथि और कैबिनेट मंत्री रहेंगे अतिथि

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर की सबसे पुरानी रामलीला के भूमि पूजन का महूर्त निकल गया है। रामलीला महोत्सव से लेकर भूमि पूजन मंगलवार 10 सितम्बर को होगा। यह भूमि पूजन मंगलवार 10 सितम्बर को सुबह 11 बजे होगा। इसके साथ यहां श्रीराम जी धर्मार्थ फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन होगा। भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग रहेगें। इसके अतिरिक्त यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप और महापौर सुनीता दयाल के नाम अतिथि के रूप में दिये गये हैं। भूमि पूजन के बाद फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन होगा और फिर भोजन प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है। भूमि पूजन समारोह की निवेदक सूची में उस्ताद अशोक गोयल, अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार वीरो बाबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवोम बंसल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी और लेखा परीक्षक आलोक गर्ग के नाम दिये गये हैं।

क्यों है ये डाउट चेंज हो सकती है डेट

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी का भूमि पूजन 10 सितम्बर को होना है। इसमें मुख्य अतिथि से लेकर अतिथि फाईनल हो गये हैं। लेकिन रामलीला से जुडे सूत्र बता रहे हैं कि डेट को लेकर डाउट के बादल मंडरा रहे हैं। बताया जा रहा है कि तारीख को लेकर कमेटी के सदस्यों में ही सहमति नहीं है और सम्भवत इस तारीख में बदलाव हो सकता है।

सॉफ्टवेयर तय करेगा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

एक क्लिक पर 650 कर्मियों को मिलेगी सेल्फ तैनाती, फील्ड ड्यूटी के साथ ही रिजर्व में भी सॉफ्टवेयर से तय होगा स्थान

गाजियाबाद, करंट क्राइम । यूपी पुलिस हाईटेक हो रही है और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल गाजियाबाद में यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के लिए बनने वाले लंबे चौड़े चार्ट के रूप में करना शुरू कर दिया गया है। अब यातायात पुलिस के पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 170 पॉइंट्स पर तय की जाने वाली 650 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को चार्ट को बनाने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। बस एक क्लिक सिस्टम पर करना होगा और एक महीने के लिए पुलिसकर्मियों का ड्यूटी चार्ट तैयार हो जाएगा। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इससे न सिर्फ तैनाती में पारदर्शिता आएगी बल्कि पुलिसकर्मियों को ड्यूटी का प्रेशर भी कम होगा। कई बार एक साथ लंबी ड्यूटी लग जाती थी ,अब इस समस्या से भी निजात मिलेगा।

सॉफ्टवेयर तय करेगा नाम और स्थान

करंट क्राइम । यातायात पुलिस के एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह ने बताया है कि ट्रैफिक पर्सनल डेप्लॉयमेंट सिस्टम नाम से सॉफ्टवेयर बनाया गया है जो बेहद हाईटेक है। इसमें पुलिस कर्मियों का पूरा डाटा अपडेट कर दिया गया है। शुरूआत पर इसे ट्रायल के रूप में शुरू किया गया है। सितंबर माह में जिन पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है वह इसी सॉफ्टवेयर के जरिए लगाई गई है। बता दें कि गाजियाबाद में कुल 170 ड्यूटी पॉइंट हैं, जहां पर यातायात पुलिस के 650 से अधिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी चिन्हित की जाती है। जिसमें 315 कांस्टेबल हैं। इसके साथ ही रिजर्व में जो यातायात पुलिस कर्मी रहेगे, उनके नाम भी इसी हाईटेक सॉफ्टवेयर के जरिए तय किए गए हैं।

पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत किया गया है प्रयास

करंट क्राइम । आईपीएस अधिकारी एवं एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना गाजियाबाद में यातायात की मुख्य अधिकारी हैं। उन्होंने बताया है कि इस प्रक्रिया के जरिए ना सिर्फ पारदर्शिता आएगी बल्कि सॉफ्टवेयर के जरिए ही पुलिसकर्मियों को तय स्थान पर ड्यूटी मिलेगी तो वह किसी तरीके का आरोप प्रत्यारोप भी नहीं कर पाएंगे। यह सिस्टम अगर यातायात पुलिस में सफल होगा तो भविष्य में होने वाले आयोजनों और बड़े कार्यक्रमों के लिए भी इसी सॉफ्टवेयर के जरिए ड्यूटी की कार्रवाई की जाएगी।

सिर पर पुलिस की टोपी और पारंपरिक साड़ी में किसने ले ली भाजपा की सदस्यता

सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट, शुरु होगी जांच किसका है दोष

गाजियाबाद, करंट क्राइम । भारतीय जनता पार्टी देश, प्रदेश और जिला स्तर पर सदस्यता का अभियान चला रही है। इस सदस्यता अभियान की गाजियाबाद में गुरुवार को विधिवत्त शुरूआत भी हो गई है। खुद पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर देश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री तक इस अभियान में मिस्ड कॉल मार के नए सक्रिय सदस्य बन गए हैं। तो सक्रियता वाले अभियान के बीच सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प फोटो भी वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि एक भाजपा नेत्री के शोषण मीडिया अकाउंट पर यह है पोस्ट आई है। पोस्ट में एक महिला जो कि भारतीय जनता पार्टी की सदस्य बनी है, उसने महिला की प्रोफाइल फोटो में महिला साड़ी में नजर आ रही है और उसके सिर पर पुलिस की टोपी दिख रही है। अब सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस की टोपी वाली यह महिला अगर सरकारी विभाग से ताल्लुक रखती है, तो भारतीय जनता पार्टी की सदस्य कैसे बन गई और अगर यह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य है, तो इसके सिर पर पुलिस वाली टोपी क्या कर रही है। सोशल मीडिया पर यह फोटो जब आई तो इसको लेकर कई तरीके की हैरानी और सवाल उठने शुरू हो गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इसकी जांच व दोष भी तय किए जाएंगे।

क्या यह है किसी की शरारत या हुई है कोई मानवीय भूल

करंट क्राइम । भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता वाली इस वायरल फोटो में महिला के सिर पर पुलिस की खाकी टोपी दिखाई दे रही है और महिला साड़ी पहने हुए हैं। सवाल उठ रहा है कि यह किसी की गलती है या किसी की शर्त जो सोची समझी रणनीति के तहत की गई है। उधर बताया यह जा रहा है कि जब कोई सदस्य मिस्ड कॉल लगाकर अपनी आगे की डिटेल लिंक पर भरता है, तो उसमें फोटो अपलोड का ऑप्शन आता है। अब यह फोटो महिला से गलती से अपलोड हुई या उसने जानबूझकर ही इसी फोटो को चुना है, यह तो आगे की जांच और इसकी पड़ताल के बाद ही साफ हो पाएगा। वहीं इसे मानवीय भूल के रूप में भी देखा जा सकता है।

क्या सदस्यता अभियान पर उठाएं गए हैं इससे सवाल

करंट क्राइम । सिर पर पुलिस की टोपी और साड़ी पहने इस महिला की फोटो सदस्यता वाले भारतीय जनता पार्टी के अभियान में क्या हंगामा मचाती है यह तो देखने को आगे मिलेगा लेकिन कहीं यह भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में सवाल उठाने वाली कोई नई कहानी तो नहीं शुरू की गई है, ऐसी चर्चा हो रही हैं। वहीं इसके कई इफैक्टर भी आने वाले दिनों में सुनाई और दिखाई दे सकते हैं।

संपादकीय

सड़क हादसों पर नियंत्रण जरूरी

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के लिए ड्राइविंग स्कूल खोलने की जो जरूरत जताई, उससे यह समझना कठिन है कि आखिर इससे मार्ग दुर्घटनाएं रोकने में कितनी मदद मिलेगी? यह सही है कि ऐसे स्कूल वाहन चालकों को बेहतर प्रशिक्षण देने में सहायक बन सकते हैं, लेकिन क्या इतने मात्र से सड़क हादसे रोकने में सफलता मिल जाएगी? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि सड़क हादसे केवल इसलिए नहीं होते कि लोग गलत तरीके से वाहन चलाते हैं अथवा यातायात नियमों का पालन नहीं करते। वे इसलिए अधिक होते हैं, क्योंकि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को कोई रोकने-टोकने वाला नहीं होता।

शहरी इलाकों को छोड़कर सड़कों पर यातायात पुलिस कठिनाई से ही नजर आती है। इसी का दुष्परिणाम है कि लोग यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। लोग यह मानकर चलते हैं कि न तो उन्हें कोई देखने वाला है और न ही रोकने-टोकने वाला। अपने देश में वाहन चालकों को अनुशासित होने की जरूरत है, लेकिन यह अनुशासन तब तक कायम नहीं होने वाला, जब तक यातायात पुलिस की निगरानी और चौकसी नहीं बढ़ती।

आखिर आधुनिक तकनीक के इस युग में सीसीटीवी कैमरों के जरिये यातायात की निगरानी और गलत तरीके से वाहन चलाने वालों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई क्यों नहीं हो सकती? अभी तो स्थिति यह है कि लोग यातायात नियमों की अनदेखी कर बीसियों किलोमीटर का सफर तय कर लेते हैं, लेकिन उन्हें कोई भी रोकता-टोकता नहीं है। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में राजमार्गों पर भी उलटी दिशा में वाहन चलाए जाते हैं। इसी तरह खटारा वाहन वर्षों तक चलते रहते हैं और बड़ी संख्या में वाहनों में ओवरलोडिंग होती है-माल की भी और सवारियों की भी।

अपने देश में सड़कों पर मनमाने तरीके से जहां-तहां पार्किंग करना और बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाना भी बहुत आम बात है। यह इसीलिए है, क्योंकि लोगों में यातायात नियमों के उल्लंघन पर सजा का भय नहीं है। भय का यह अभाव ही यातायात संबंधी हर तरह की अनुशासनहीनता का मूल कारण है। यदि सड़क हादसों को सचमुच नियंत्रित करना है और उनमें होने वाली मौतों को रोकना है तो उनके मूल कारणों की पहचान कर उनका निवारण करना होगा।

भारत में वाहनों की संख्या कम होने के बाद भी सड़क हादसों और उनमें घायल एवं मरने वालों की संख्या बहुत अधिक है। पिछले कुछ समय से बार-बार यह रेखांकित किया जा रहा है कि राजमार्गों पर बढ़ते सड़क हादसों का एक बड़ा कारण उनके ब्लैक स्पाट हैं। इन ब्लैक स्पाट के लिए राजमार्गों के खराब डिजाइन को जिम्मेदार मानकर उन्हें दूर करने का अभियान तो चलाया गया, लेकिन वह पूरा होने का नाम नहीं ले रहा है। ड्राइविंग स्कूल खोलने में हर्ज नहीं, लेकिन इसमें संदेह है कि उनसे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी।

भारत में 18 प्रतिशत यूनिकॉर्न स्टार्टअप का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

चेन्नई। भारत में महिलाएं कॉरपोरेट क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसकी असर है कि मौजूदा समय में स्टार्टअप और फाइनेंसियल टेक्नोलॉजी क्षेत्र के 111 यूनिकॉर्न (वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से अधिक) में से 18 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से यह बयान दिया गया। फिक्की-एफएलओ चेन्नई इकाई द्वारा चेन्नई में आयोजित की गई कॉन्फ्रेंस में सीतारमण ने कहा कि कॉरपोरेट कंपनियों में बीते एक दशक में महिला निदेशकों की संख्या में तीन गुना का इजाफा हुआ है। 2014 में देश में

एक्टिव कंपनियों में महिला निदेशकों की संख्या 2.58 लाख थी, जो कि अब अगस्त 2024 तक बढ़कर 8.83 लाख हो गई है। इसमें 3.4 गुना का इजाफा देखने को मिला है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगे कहा कि तमिलनाडु में महिला निदेशकों की संख्या भी इस दौरान 4.3 गुना बढ़ी है।

राज्य की एक्टिव कंपनियों में अगस्त 2024 में महिला निदेशकों की संख्या 68,000 थी, जो कि 2014 में 15,550 थी। केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाए जाने को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। आम बजट 2024-25 में महिलाओं के वेलफेयर और उन्हें सशक्त बनाने वाली स्कीमों के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2013-14 में 97,134 करोड़ रुपये था। रिसर्च फर्म डेलॉयट की ओर से की गई स्टडी का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि निफ्टी 50 कंपनियों में भी महिला निदेशकों की संख्या बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 18 प्रतिशत थी। उन्होंने आगे कहा कि नौसेना में जून 2023 से महिलाओं के प्रवेश की शुरूआत हुई थी। तीनों सेनाओं में महिलाओं की भर्ती की जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा, आईएएफ (इंडियन एयर फोर्स) की सभी शाखाओं और स्ट्रीम में महिलाओं की भर्तियां की जा रही हैं।

शेयर बाजार में लौटी खरीदारी, फाइनेंशियल और मेटल शेयरों में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत गुरुवार को तेजी के साथ हुई। बाजार में करीब सूचकांकों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। सुबह 9:22 पर सेंसेक्स 176 अंक या 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,482 और निफ्टी 38 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,236 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1774 शेयर हरे निशान में और 347 शेयर लाल निशान में हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 265 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,483 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 168 अंक या 0.87 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,491 पर था। सेंसेक्स पैक

में अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, आईटीसी, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स हैं। नेस्ले, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, एनटीपीसी, एमएंडएम और एचयूएल टॉप लूजर्स हैं। निफ्टी के ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया और सर्विस सेक्टर इंडेक्स में हरे निशान में हैं। एनर्जी, रियल्टी, पीएसयू बैंक और पीएसई में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, हांगकांग और सोल लाल निशान में है। बैंकॉक और जकार्ता में तेजी है। अमेरिकी बाजार बुधवार को मिले जुले बंद हुए थे। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, अमेरिका में लेबर मार्केट डेटा के आने के बाद वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। निफ्टी के लिए 25,150 एक अहम सपोर्ट लेवल है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 25,050 और 25,000 एक मजबूत सपोर्ट है।

स्टार्टअप पर जमकर दांव लगा रहे निवेशक, 2024 में 13 राउंड में मिली 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की फंडिंग

नई दिल्ली। भारतीय स्टार्टअप इस साल बड़ी फंडिंग यानी 100 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश जुटाने में कामयाब रहे हैं। इसकी वजह कंपनियों का ग्रोथ के साथ मुनाफे कमाने पर फोकस को माना जा रहा है जिसके निवेश स्टार्टअप पर जमकर दांव लगा रहे हैं। स्टार्टअप कंपनियों ने 2024 में अब तक 13 राउंड में 100 मिलियन डॉलर या उससे अधिक की फंडिंग जुटाई गई है। इनमें जेप्टो, रेपिडो, लेंसकार्ट, फ्लिपकार्ट, मीशो और फार्मईजी जैसी कंपनियों के नाम हैं। क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो की ओर से 2024 में दो राउंड एक अरब डॉलर (340 मिलियन डॉलर+ 665 मिलियन डॉलर) की फंडिंग जुटाई गई है। कंपनी ने आखिरी 340 मिलियन डॉलर की फंडिंग 5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाई थी। टैक्सी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी रैपिडो की ओर से 200 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई गई है। कंपनी का ताजा वैल्यूएशन 1.1 अरब डॉलर है।

आईवियर सेगमेंट में काम करने वाली कंपनी लेंसकार्ट की ओर भी 2024 में अब तक 200 मिलियन डॉलर की फंडिंग की जुटाई जा चुकी है। कंपनी का वैल्यूएशन करीब 5 अरब डॉलर का है। वहीं, फ्लिपकार्ट, मीशो और फार्म इजी की ओर से भी 2024 में अब तक 350 मिलियन डॉलर, 275 मिलियन डॉलर और 216 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई गई है। भारतीय स्टार्टअप आसानी से फंडिंग जुटा सके। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से आम बजट 2024-25 में एंजेल टैक्स को भी हटा दिया गया है। पिछले हफ्ते 31 घरेलू स्टार्टअप कंपनियों को 22 राउंड में 466 मिलियन डॉलर में सफलता मिली थी। इससे पहले के हफ्ते से 75 प्रतिशत अधिक थी।

शिक्षक

प्रस्तुति करंट क्राइम

सरोज सिंह
(हिंदी अध्यापिका)

हम शिक्षक हैं,
जो अपने शिष्यों का भविष्य सजाते हैं।
शिष्य के जीवन में माता-पिता के बाद हम आते हैं,
माता देती है शिष्य को जीवन,
पिता करते हैं भरण-पोषण
लेकिन, जो जीवन को ज्ञान के मोतियों से सजाते हैं,
वो शिक्षक कहलाते हैं।
गुरु ज्ञान का आधार है,
गुरु के बिना ना मिलता मान-सम्मान है,
छात्र को जीवन में सफल बनाना,
हर गुरु का अरमान है।
संघर्षों से लड़ना,
सत्य के पथ पर चलना,
उन्हें सही गलत में फर्क करना,
हम शिक्षक ही सिखाते हैं।
शिष्यों को सफलता की ऊंचाइयों पर देखकर,
हर शिक्षक का मन हर्षाता है।
गुरु वहीं रह जाता है और शिष्य आगे बढ़ जाता है।
लेकिन, फिर भी हर शिक्षक का मन चाहता है कि
उसका शिष्य जीवन में आगे बढ़े
और सफलता के शिखर पर चढ़े।
गुरु वशिष्ठ, द्रोण और चाणक्य जैसे गुरु के आदर्शों पर चलकर
हम, अर्जुन, एकलव्य और चंद्रगुप्त बनाएं
जो समाज का कल्याण करें और अपने गुरुओं का मान बढ़ाएं।

राशिफल

मेष : उन भावनाओं को पहचानें, जो आपको प्रेरित करती हैं। डर, शंका और लालच जैसी नकारात्मक भावनाओं को छोड़ें। सूझ-बूझ से काम लें, अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

वृष : दिन अच्छा बीतेगा। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेगा। हनुमान चालीसा का पाठ करें, आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

मिथुन : आज नए सौदे कारोबार को मजबूती प्रदान करेंगे। समर्पण की भावना से काम में जुटें। जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है। जरुरी कामों सफलता मिलेगी।

कर्क : आपका गुस्सा परिवार को नाराज कर सकता है। इससे पहले कि गुस्सा आपको खत्म करे, आप उसे खत्म कर दें। अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें।

सिंह : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप जिससे भी मिलेंगे, वो व्यक्ति आपसे प्रभावित हो सकता है। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा हो सकती है।

कन्या : आज आपको हाथ में लिए हुए कार्य में सफलता मिलने हेतु परिश्रम को आगे बढ़ाना होगा। आपको अपनी सेहत का थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है।

तुला : लंबी यात्राओं से बचें। आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ।

वृश्चिक : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज धन लाभ का योग बन रहा है।

धनु : साझेदारी में किए गए काम फायदेमंद साबित होंगे। लोगों की दखलअंदाजी वैवाहिक जीवन में परेशानी खड़ी कर सकती है, शांत रहना आपके फायदे में साबित होगा।

मकर : तनाव के चलते बीमारी से दो-चार होना पड़ सकता है। सुकून महसूस करने के लिए दोस्तों और परिवार के साथ कुछ समय बिताएँ।

कुंभ : दिन उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आज अपने बेस्ट फ्रेंड से आपकी मुलाकात हो सकती है।

मीन : आज आपके जीवन के महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होंगे। आलस्य से बचकर सक्रिय होना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।

चुटकुले

किसी आदमी ने अपने एक मित्र को दावत दी, सारा खाना वही खा गया। घर वाले भूखे रह गए। पांच साल का बबलू तो भूख के मारे रो पड़ा। उसकी मां ने कहा- बेटा मेहमान को जाने दो, सारे मिलकर रोएंगे, तुम अकेले क्यों रोते हो?

पत्नी (रसोई से निकलते हुए)- सुनिए, आजकल मैं बहुत खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति - तुमने कैसे जाना?
पत्नी - देखो न , आजकल मेरी सुंदरता को देखकर रोटियां भी जलने लगी है।

टीचर ने पहली क्लास के बच्चे से कहा- कल तुम्हें जो अंग्रेजी का पढ़ाया था, उसे सुनाओ. बच्चा- मुझे नहीं आता मैम. टीचर- नहीं आता? अच्छा तो जो आता है वो सुना दो. बच्चा- जाने मेरी जानेमन, बचपन का प्यार मेरा भूल नहीं जाना रे।

रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- क्या आप जानते हैं? बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं। 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने 1898 में केन्या-युगांडा में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
06 09 2024
आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



हार्डी संधु
गायक

निधि

श्वेता शर्मा

चिंटू शर्मा

आदर्श गुप्ता

ब्रह्मपाल

करण त्यागी

सौरभ शुक्ला

सत्यदेव भारद्वाज

ललित भाटी

वसंत सिंह

मोनू गर्ग

संजय शर्मा

मनोज तिवारी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

पीएम मोदी ने दी हरविंदर को बधाई, तीरंदाज ने भारत को दिलाया पेरिस पैरालंपिक में चौथा स्वर्ण

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी है। बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। पीएम मोदी ने उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी।

पीएम ने दी बधाई

पीएम ने हरविंदर की ऐतिहासिक जीत पर अपने एक्स हैंडल पर लिखा- पैरा तीरंदाजी में एक बहुत ही खास स्वर्ण पदक! पैरालंपिक 2024 में पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतने के लिए हरविंदर सिंह को बधाई! उनकी सटीकता, ध्यान और अटूट भावना शानदार है। भारत उनकी उपलब्धि से बहुत खुश है।

अंक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंचा भारत

पेरिस पैरालंपिक में भारत ने चौथा स्वर्ण पदक जीता है। अब भारत के नाम 22 पदक हो गए हैं। इनमें चार स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य हैं। इसी के साथ भारत पैरालंपिक की पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। पदकों की यह संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ है। टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भारत ने 19 पदक जीते थे। भारत इस साल 25 पार के लक्ष्य के साथ उतरा है। वहीं, भारत ने एक पैरालंपिक खेलों में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का नया रिकॉर्ड कायम किया है।

फाइनल में हरविंदर ने पोलैंड के तीरंदाज को हराया

पोलियो ग्रस्त हरविंदर ने तीरंदाजी के ओपन रिकर्व के फाइनल में पोलैंड के ल्यूकास सिजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण जीता। वह पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले देश के पहले पैरा तीरंदाज बन गए। इससे पहले उन्होंने पुरुषों की रिकर्व ओपन प्रतियोगिता में लगातार चार जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया था। हरविंदर ने अंतिम चार चरण में ईरान के मोहम्मद रजा अरब अमेरी को 7-3 से हराया था। वहीं, क्वार्टर फाइनल में हरविंदर ने दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी कोलंबिया के हेक्टर जूलियो रामिरेज को हराया। इससे पहले उन्होंने राउंड ऑफ 32 में चीनी ताइपे के त्सेंग लुंग-हुई को 7-3 से हराया और फिर शुरूआती सेट में पिछड़ने के बाद इंडोनेशिया के सेतियावान सेतियावान को अंतिम 16 राउंड में 6-2 से हराया।

अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर

स्वियातेक को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूनामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूनामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं। सिनर ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहले दो सेट गंवाने के

बाद जोरदार वापसी करते हुए मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर खिताब जीता था। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। 22 साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह 2012 में एंडी मरे के ट्रॉफी जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया।

30 साल की पेगुला ने स्वियातेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूनामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, 'मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंततः मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं।

सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को पेगुला की भिड़ंत चेक गणराज्य की गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा से होगी। फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियातेक के खिलाफ हार के साथ उप विजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में कोको गॉफ के खिलाफ शिकस्त के बाद मुचोवा ने अपनी दाहिनी कलाई का ऑपरेशन कराया था और फिर वह लगभग 10 महीने तक टूर से दूर रही और जून में वापसी की। गुरुवार को ही दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की 13वीं वरीय एम्मा नवारो का सामना दूसरी वरीय एरिना सबालेंका से होगा।

पेरिस में धरमबीर ने स्वर्ण और प्रणव ने जीता रजत

पुरुष क्लब थ्रो एफ51 में अमित नहीं दिखा पाए कमाल

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार को पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में धरमबीर ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 34.92 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पेरिस में तिरंगा लहराया। वहीं, उनके साथी प्रणव सूरमा ने 34.59 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, भारत के अमित कुमार इस स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। यह पहली बार है जब भारत ने पैरालंपिक में क्लब थ्रो इवेंट में पदक जीता है। सर्बिया के जेल्को दिमित्रिजेविक ने 34.18 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

धरमबीर ने भारत को दिलाया पांचवां सोना

फाइनल में धरमबीर की शुरूआत अच्छी नहीं हुई। लगातार चार थ्रो उनके अमान्य करार दिए गए। हालांकि, पांचवी बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 34.92 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। इसके बाद छठे प्रयास में उन्होंने 31.59 का थ्रो किया। धरमबीर ने भारत को पेरिस पैरालंपिक में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया है। इससे पहले बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने स्वर्ण जीता पदक था। धरमबीर के स्वर्ण के साथ भारत ने टोक्यो में हासिल किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ पांच स्वर्ण पदकों की बराबरी भी कर ली।

सूरमा ने जीता रजत

वहीं, सूरमा की शुरूआत शानदार हुई। उन्होंने शुरूआती दोनों थ्रो 34.59 और 34.19 के किए। हालांकि, तीसरा प्रयास में वह सफल नहीं हुए। भारतीय एथलीट का चौथा थ्रो 34.50 का रहा जबकि पांचवां थ्रो 33.90 का किया। वहीं, छठे प्रयास में उन्होंने 33.70 मीटर की दूरी तय की। प्रणव ने पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीता।

अमित नहीं दिखा पाए कमाल

पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा के फाइनल में अमित कुमार कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। वह पहले प्रयास में विफल रहे जबकि दूसरा थ्रो 21.49 का रहा। तीसरा थ्रो उनका एक बार फिर अमान्य रहा जबकि चौथे प्रयास में उन्होंने 23.96 की दूरी तय की। पांचवां और छठा थ्रो भी अमान्य रहा।

अंक तालिका में 13वें स्थान पर पहुंचा भारत

पेरिस पैरालंपिक में अब भारत के 24 पदक हो गए हैं। इनमें पांच स्वर्ण, नौ रजत और 10 कांस्य शामिल हैं। इसी के साथ भारत पैरालंपिक की पदक तालिका में 13वें स्थान पर पहुंच गया है। पदकों की यह संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ है। टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भारत ने 19 पदक जीते थे। भारत इस साल 25 पार के लक्ष्य के साथ उतरा है। वहीं, भारत ने एक पैरालंपिक खेलों में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का नया रिकॉर्ड कायम किया है।

माहित संधू ने महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली। माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव देशवाल ने पांचवें दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत ने जर्मनी के हनोवर में आयोजित दूसरी विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। इन पदकों के साथ, भारत ने चैंपियनशिप में अपने पदकों की संख्या 15 - चार स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य - पहुंचा दी है। बधिर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में माहित का यह दूसरा स्वर्ण और तीसरा पदक था, उन्होंने धनुष श्रीकांत के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण और 10 मीटर एयर राइफल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उन्होंने फाइनल में 247.4 का स्कोर बनाया, जो हंगरी की मीरा बियातोव्स्की से 2.2 अधिक था। क्वालीफिकेशन चरण में 617.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहने के बाद उन्होंने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दूसरी भारतीय निशानेबाज नताशा जोशी फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। अभिनव देशवाल को अंतिम श्रृंखला में यूक्रेन के ऑलेक्जेंडर कोलोडी ने एक अंक से हरा दिया। नौवीं सीरीज के बाद दोनों निशानेबाज 37 के स्कोर पर बराबरी पर थे और 10वीं सीरीज में ऑलेक्जेंडर ने परफेक्ट पांच का स्कोर किया, जबकि अभिनव केवल चार अंक हासिल कर सके और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में अन्य भारतीय, शुभम वशिष्ठ और चेतन सपकाल क्रमशः पांचवें और सातवें स्थान पर रहे। अभिनव ने इससे पहले चैंपियनशिप में 10 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत, मिश्रित और टीम स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।

पांचवें दिन पदकः
50 मीटर राइफल प्रोन
सोना - माहित संधू
25 मीटर पिस्टल पुरुष
रजत - अभिनव देशवाल

युगांडा की ओलंपियन रेबेका को प्रेमी ने जलाया, हुई मौत

पेरिस ओलंपिक में लिया था हिस्सा

नैरोबी। युगांडा की मैराथन धाविका रेबेका चेपतेगी का गुरुवार को निधन हो गया। रेबेका को केन्या में उनके प्रेमी ने पेट्रोल छिड़कर जला दिया था।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, 33 वर्षीय रेबेका जिन्होंने हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था, वह रविवार को हुए इस हमले में 75 प्रतिशत तक जल गई थीं। केन्या में 2021 से तीसरी महिला एथलीट पर जानलेवा हमला हुआ है।

युगांडा ओलंपिक समिति के अध्यक्ष ने की निंदा

युगांडा ओलंपिक समिति के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे ने एक्स पर लिखा, हमें हमारी ओलंपियन रेबेका चेपतेगी के निधन का सामाचार मिला। वह अपने प्रेमी के हमले में बुरी तरह घायल हो गई थीं। उनकी आत्मा को शांति मिले। हम महिलाओं पर इस तरह के हमले की कड़ी आलोचना करते हैं।

पेरिस ओलंपिक में 44वें स्थान पर रही थीं रेबेका चेपतेगी

रेबेका पेरिस ओलंपिक में 44वें स्थान पर रही थीं। वह हमले के बाद एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती थीं। अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर ने बताया कि रेबेका का निधन तड़के साढ़े पांच बजे अंगों का काम बंद कर देने के कारण हुआ। केन्या के खेल मंत्री किपचुंबा मुरकोमेन ने रेबेका के निधन को पूरे क्षेत्र की क्षति बताया है। उन्होंने बयान में कहा, यह घटना एक स्पष्ट संदेश है कि हमें अपने समाज में लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए और अधिक प्रयास करना चाहिए। यह खेल जगत में हाल के वर्षों में तेजी से फैल रहा है।

युगांडा एथलेटिक्स महासंघ ने रेबेका के लिए मांगा न्याय

युगांडा एथलेटिक्स महासंघ ने रेबेका के लिए न्याय की मांग की। युगांडा के खेल मंत्री पीटर ओगवांग ने कहा कि केन्या का प्रशासन इस हत्या की जांच करेगा। 2022 के सरकारी डाटा के अनुसार, 15-49 साल की 34 प्रतिशत लड़कियां और महिलाएं केन्या में शारीरिक हिंसा से पीड़ित हैं जिसमें से शादीशुदा महिलाओं को जोखिम अधिक है।

पेरिस ओलंपिक में हमने अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन में सुधार किया : रणधीर सिंह

नई दिल्ली। पूर्व निशानेबाज और एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यवाहक अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के प्रदर्शन से उत्साहित हैं, और उन्होंने कहा कि पिछले खेलों की तुलना में कम पदक जीतने के बावजूद खिलाड़ियों ने अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन में सुधार किया है। कुल 117 भारतीय एथलीटों का दल पेरिस 2024 ओलंपिक में पदक और दमदार प्रदर्शन की तलाश में गया था, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया गया था। कुल मिलाकर, भारत ने पेरिस 2024 ओलंपिक में छह पदक जीते (जिनमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल था) मनु भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक जीता और

ओलंपिक शूटिंग पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीतकर ओलंपिक के किसी एक संस्करण में शूटिंग के नाम एक बड़ी सफलता दर्ज की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस में कांस्य पदक के साथ टोक्यो 2020 की सफलता को बरकरार रखा, जबकि भाला फेंक में रजत पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए। इसके बाद, अमन सहरावत भारत के सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेता बने, जब उन्होंने कुश्ती में कांस्य पदक जीता। रणधीर सिंह ने आईएएनएस से कहा, हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन पिछले ओलंपिक से बेहतर रहा। व्यक्तिगत प्रदर्शन भी पहले के मुकाबले बेहतर था। भले ही भारत टोक्यो खेलों की संख्या को पार नहीं कर पाया हो, लेकिन उसके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। भारत पेरिस 2024 ओलंपिक से खुशियों से ज्यादा दुख लेकर लौटा। भारत छह संभावित पदकों से चूक गया, जिनमें से ज्यादातर मामूली अंतर से चूक गए, क्योंकि एथलीट अपने-अपने इवेंट में चौथे स्थान पर रहे। इसमें लक्ष्य सेन, मीराबाई चानू और मनु भाकर शामिल हैं, जो खेलों में अपना तीसरा पदक जीत सकती थीं। ऐतिहासिक फाइनल से पहले विनेश फोगाट का अयोग्य घोषित होना भी भारत की मुश्किलों में इजाफा करता है। सिंह ने कहा, "कई एथलीट क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए, लेकिन हम पदक मैच के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। कुल मिलाकर पुरुष हॉकी टीम ने लगातार दो पदक जीते और हमारे स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने फिर से देश के लिए रजत पदक जीता। इसलिए, हां, इस बार हमारा प्रदर्शन बेहतर रहा।

सिमरन महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल में पहुंची

पेरिस। भारत की सिमरन शर्मा ने गुरुवार को यहां स्टेड डी फ्रांस में पेरिस पैरालंपिक में सेमीफाइनल 2 में 12.33 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अपने गाइड अभय सिंह के साथ, 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन सेमीफाइनल 2 में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रॉटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने तीसरी सबसे तेज धावक के रूप में फाइनल में अपनी जगह पक्की की। नियम के अनुसार, प्रत्येक सेमीफाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त धावक और अगले 2 सबसे तेज धावक फाइनल में आगे बढ़ते हैं। क्यूबा की ओमारा डूरंड पहले सेमीफाइनल में शीर्ष पर रहीं। कुल मिलाकर, ओमारा ने सेमीफाइनल दो में 12.01 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद जर्मनी की म्यूलर-रॉटगार्ड (12.26 सेकंड) और सिमरन (12.33 सेकंड) रहीं। यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक 12.36 सेकेंड के समय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने

वाली चौथी और आखिरी सबसे तेज धाविका रहीं। वह सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर रही। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था और उसने अगले 10 सप्ताह इनक्यूबेटर में बिताए जहां पता चला कि वह दृष्टिबाधित है।

अपने पति गजेंद्र सिंह, जो आर्मी सर्विस कोर के लिए काम करते हैं, द्वारा वह नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लेती हैं। अपनी दृष्टिबाधिता के लिए मजाक उड़ाने से लेकर हाल ही में कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने और अब पैरालंपिक फाइनल तक सिमरन ने एक लंबा सफर तय किया है। वह 2021 में टोक्यो पैरा गेम्स में 100 मीटर - टी13 में 12.69 के समय के साथ 11वें स्थान पर रहीं। सिमरन की कड़ी मेहनत और लचीलेपन ने उन्हें शारीरिक और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से उबरने में मदद की और जून में जापान में विश्व चैंपियनशिप में 200 मीटर टी12 में स्वर्ण पदक जीता। सिमरन 2022 से 100 मीटर और 200 मीटर दोनों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और इंडियन ओपन जीत रही हैं। उन्होंने पिछले साल हांगझोउ में एशियाई पैरा खेलों में दो रजत पदक भी जीते थे।

पेरिस पैरालंपिक में छा गए यूपी के इटावा के अजीत सिंह यादव

नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक में अजीत सिंह ने अपनी कामयाबी की स्क्रिप्ट अपने दाएं हाथ से भाला फेंक कर लिखी। उनका बायां हाथ नहीं है। पैरा खेलों में यह एथलीट किसी पहचान का मोहताज नहीं है। मगर, क्या आपको पता है जितने अव्वल अजीत खेल में है, उससे कई ज्यादा आगे दोस्ती निभाने में है। उत्तर प्रदेश का एक जिला है इटावा। यहां के एक छोटे गांव से निकलकर दुनियाभर में अपने परिवार और भारत का नाम रौशन करने वाले पैरा एथलीट अजीत सिंह यादव उन लोगों के लिए मिसाल हैं, जो अपनी जिंदगी में अनचाहे हादसे को कोसते रहते हैं और आगे नहीं बढ़ते हैं। 5 सितंबर 1993 को जन्मे अजीत साल 2017 तक अन्य लोगों की तरह सामान्य जीवन जी रहे थे। लेकिन 2017 में घटी एक घटना में दोस्त की जान को बचाते हुए वो एक बड़े हादसे का शिकार हो गए। दरअसल, उनका वो हाथ ट्रेन की चपेट में आकर कट गया था। अजीत सिंह के बाएं हाथ का कोहनी से नीचे का हिस्सा नहीं है। हादसे के बाद उनका इलाज हुआ। उनका रिहैब चला और सिर्फ 4 महीने बाद ही साल 2018 में हरियाणा के पंचकूला में हुए पैरा एथलेटिक्स जूनियर नेशनल में उन्होंने हिस्सा लिया। और, यहीं से उनके शानदार सफर की कहानी शुरू हुई। साल 2019 में अजीत सिंह यादव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला। उन्होंने बीजिंग (चीन) में आयोजित 7वीं विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ: केशव महाराज समेत ये खिलाड़ी हुए नॉमिनेट

नई दिल्ली। आईसीसी ने गुरुवार को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड्स के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का नाम शामिल है। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स और श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे को पुरुषों के पुरस्कार के लिए चुना गया है, जबकि महिलाओं में श्रीलंका की बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा, आयरलैंड की ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और आयरलैंड की सलामी बल्लेबाज गैबी लुईस को चुना गया है। महाराज, जो अप्रैल 2022 में पहले जीतने के बाद दूसरे प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड की दौड़ में हैं, वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 13 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने पोर्ट ऑफ स्पेन में ड्रॉ हुए टेस्ट की प्रत्येक पारी में चार विकेट लिए, जिसमें पहली पारी में शीर्ष चार बल्लेबाजों में से तीन और दूसरी पारी में शीर्ष पांच में से चार बल्लेबाज शामिल थे। उन्होंने गयाना में दूसरे टेस्ट में पांच विकेट चटकाए, जिसमें उनकी टीम 40 रन से जीती। वेस्टइंडीज के नए गेंदबाज सील्स दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 12 विकेट लेने के बाद इस पुरस्कार के लिए दावेदार हैं, जिसमें गयाना में लिए गए नौ विकेट शामिल हैं, जिससे उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग हासिल करने और वेस्टइंडीज से इस प्रारूप में शीर्ष रैंक वाले गेंदबाज बनने में मदद मिली। दूसरी ओर, वेल्लालागे ने वनडे में अपने प्रदर्शन के लिए पुरुषों की शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई। बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने भारत के खिलाफ 2-0 की सीरीज जीत में 67, नाबाद 39 और दो रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था। उन्होंने तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट सहित सात

विकेट भी लिए। अगस्त के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित खिलाड़ीः समरविक्रमा ने एशिया कप से अपने फॉर्म को आयरलैंड दौरे में भी बरकरार रखा। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश खिलाड़ी ने डबलिन में खेले गए दो टी20 मैचों में 169.66 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए और बेलफास्ट में खेले गए तीन वनडे मैचों में 82.69 की स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए। उन्होंने पहले टी20 मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 86 रन की मैच विजयी पारी खेली और दूसरे वनडे में 105 रन की पारी खेलकर वनडे में शतक बनाने वाली श्रीलंका की तीसरी महिला खिलाड़ी बनीं। 22 वर्षीय प्रेंडरगैस्ट आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं, क्योंकि उन्होंने श्रीलंका को वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था। पहले वनडे में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था, 107 गेंदों पर 122 रन की नाबाद पारी खेली और 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए और दो कैच पकड़े, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने दो टी20 मैचों में 29 और 38 रन भी बनाए। लुईस ने दो टी20 मैचों में 146.29 की स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए, जिसमें दूसरे मैच में 119 रन की पारी शामिल है, जो आयरलैंड के लिए इस प्रारूप में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने पहले वनडे में नौ रन बनाए, लेकिन क्वाड इंजरी के कारण वह सीरीज के बाकी दो मैचों से बाहर हो गईं।

विकास भवन दुर्गावती देवी सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग ने मनाया शिक्षक सम्मान समारोह

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने अध्यापकों को दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विकास भवन दुर्गावती देवी सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कोई ना कोई शिक्षक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में अवश्य होता है।

शिक्षक होना कोई व्यवसाय नहीं, सभ्य समाज की नींव मजबूत करने की जिम्मेदारी है : अभिनव गोपाल

इस अवसर पर अभिनव गोपाल ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को देते हुए उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक होना कोई व्यवसाय नहीं है, बल्कि कल के लिए सभ्य समाज को तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने जनपद को सर्वप्रथम निपुण बनाने की अपील की : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ पी यादव ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए जनपद गाजियाबाद मे शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति 90% करने एवं अपने जनपद को सर्वप्रथम निपुण बनाने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया : मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवेश व शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के दृष्टिगत सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जनपद एवं ब्लॉक की अकादमिक टीम को बच्चों के समग्र विकास में उत्कृष्ट समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, सर्वेश कुमार, जिला समन्वयक डॉ राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा व रुचि त्यागी उपस्थित रहे। मंच संचालन एसआरजी पूनम शर्मा ने किया।

मिल लिये वो लखनऊ जाकर और हिल गये गाजियाबाद के अफसर

हुकूमत हमारी हैं वाली खुमारी अब उतरने लगी है ।देवतुल्यों की भी समझ में अब हिन्दी में ये बात आ गई है कि हमारा तो सिर्फ मत है बाकि हुकुम तो अफसरों का ही चलना हैं ये तो सरकार के अफसर हैं, बिगड़ना तो बाबू चपरासी का भी कुछ नही हैं। विधायक जी ने पुलिस वाले साहब से अटक कर देख लिया। प्रथम नागरिक ने महकमें के साहब से मोर्चा खोल कर देख लिया। बड़ी बात तो ये हैं कि अफसरों को फाईनली धौंस तो बाबा की ही देते तो उन्होने भी देख लिया कि विधायक जी से लेकर मेयर जी तब बाबा से मिल आये। बताने वाले ने कहा कि इनके पास अब कहने को भी तो कुछ नही बचा। मुलाकात भी कर ली तो भी बात नही बनी। क्या फायदा ऐसी लहर का जिसमें कहर ही टूट रहा है। आप देख लेना वो बाई इलेक्शन करा कर ही अपनी मर्जी से जहां जाना होगा जायेगें

वो चल रहा है खफा उसे नही करवानी फिलहाल कोई सदस्यता

लोटस फूल वाले देवतुल्य अब अपने ही फूल परिवार में फिर से फूल मेंबरशिप ले रहे हैं। पता चला कि एज पर पार्टी रूल 6 साल बाद सदस्यता शून्य हो जाती हैं। इसलिये फिर से सदस्यता अभियान चल रहा है। फूल वाले देवतुल्य ने कहा कि बेहतर होता अगर 6 साल की समीक्षा के साथ ही मेंबरशिप होती। ऐसे एक दूसरे के मोबाईल फोन मांगकर मेंबरशिप कराने से परिवार बड़ा सा तो लगेगा लेकिन परिवार बढ़ेगा नही। सीन तो कुछ और ही रहेगा। कहने वाले ने कहा कि आप पब्लिक की बात कर रहे हैं यहां तो परिवार वालों का ही फुल मोहभंग हो चुका हैं। पुराने ध्वज प्रणाम वालों ने बताया कि एक देवतुल्य तो इतना खफा चल रहा है कि उसने साफ कह दिया कि उसे कोई सदस्यता नही करवानी हैं। वो पार्टी का कार्यकर्ता हैं तो वोट भी डालेगा लेकिन अब वो बिना बात की कोई पड़ी लकड़ी नही लेगा और पार्टी के काम के लिये अपने परिवार का कोई काम नही टालेगा। कहने वाले ने तो यहां तक कह दिया कि मेंबरशिप का आकड़ा और वोटो की संख्या ही मिला लेना तो पता चल जायेगा कि वो दल में तो हैं पर दिल नही मिल रहा

अगर पीड़ित दलित होगा तभी इंसाफ के लिये निकलोगे घर से

शहर वाले बाई इलेक्शन की अधिसूचना जारी होने से पहले ही चुनावी टंकार देते हुये केतली वाले जाट ले आये और हाथी वाले जाटव लेकर आ गये। इधर साईकिल वालों का जलवा ये कि उनके कदमो की आहट से ही मलबा उठ जाता हैं। उनके फोन पर गाय रिहा हो जाती है। अब बच्ची की बरामदगी को लेकर अल्टीमेटम हैं। विपक्ष का काम ही मोर्चा खोलना है लेकिन केतली और हाथी वाले मोर्चा तो छोड़ो जुबान भी तब खोलते हैं जब पीड़ित की जाति देख लेते हैं। केतली वाले जाट तो पुराने नेता हैं और आंदोलन भी करते हैं,हाथी वाले भी समाज में ही रहते हैं मगर ऐसा क्या हैं कि गाय वाली महिला भी समाजवादियों को मिल जाती हैं,जिस झुग्गी से बच्ची गायब हुई वो झुग्गी का पता सपा वाले ही निकाल कर पहुंच जाते हैं। राजनीति तो सभी कर रहे हैं और मजलूम की लड़ाई लड़ता ही विपक्ष हैं। हाथी वाले और केतली वाले इस मानवीय पहलू पर तो ध्यान दें कि अगर पीड़ित दलित होगा तो क्या तभी उसे इंसाफ दिलाने के लिये घर से निकलोगे। गिना दो पिछले दो साल में गाजियाबाद में जनता के लिये कितने मोर्चे खोले हैं आपने।

नगर निगम के कर्मचारी मस्त...गाजियाबाद की जनता त्रस्त... : गौरव सोलंकी

शिकायतों पर नगरायुक्त का चढ़ा पारा देवेंद्र शर्मा को नोटिस

(करंट क्राइम)। बंद स्ट्रीट लाइटों, वार्डो की लगातार आ रही शिकायतों को लेकर गुरुवार को नगरायुक्त का पारा चढ़ गया। उन्होंने वसुंधरा जोन के प्रकाश प्रभारी देवेंद्र शर्मा जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप लापरवाही बरत रहें। गाजियाबाद आस कुमार प्रकाश प्रभारी ने बताया कि बंद स्ट्रीट लाइटों पर जताई नाराजगी, नोटिस करें जारी वसुंधरा जोन में बंद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व देखरेख नहीं किए जाने पर वसुंधरा जोन के प्रभारी देवेंद्र शर्मा को नोटिस जारी करने के लिए कहा गया। साथ ही गाजियाबाद ऑफिस अटेच किया गया है। सख्त मॉनीटरिंग करने के लिए कहा गया।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पिछले काफी दिनों से वार्ड 76 में अंधेरा हो रखा है। नगर निगम में काफी बार कहने के बाद भी वार्ड की खराब पड़ी लगभग 65 से 70 लाइट नगर निगम द्वारा ठीक नहीं कराई जा रही है इसलिए आज से स्वयं एक अभियान चलाया है। खराब पड़ी सभी लाइटों को स्वयं उतारकर किसी माध्यम से सही करवाऊंगा तथा उनको वापस खंभों पर लगवा दूंगा क्योंकि नगर निगम तो सिर्फ गाजियाबाद के लोगों से वसूली करने में लगा है। दरअसल जितना मेरी समझ में आ रहा है, प्रतिवर्ष इसी भांति दीपावली से कुछ माह पहले नगर निगम कर्मी लाइट ठीक करना बंद कर देते हैं तथा दीपावली आने तक सभी पार्षदों एवं जनता का सब्र का बांध टूट जाता है। उस समय गाजियाबाद नगर निगम इसका फायदा उठाकर हजारों नई लाइट मंगवाने का नाटक कर जनता के टैक्स के पैसे को बर्बाद करने में लग जाता है। वार्ड 76 से भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी ने व्यथा प्रकट करते हुए कहा कि निगम के कर्मचारी मस्त हैं और गाजियाबाद की जनता त्रस्त है।

कोलकाता कांड के लिए ममता सरकार जिम्मेदार : एस पी सिंह

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा नेता एस पी ने कहा कि जो कोलकाता कांड हुआ है उसकी जिम्मेदार पूरी तरह ममता सरकार है। जब ममता सरकार की पावर में पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य व्यवस्थाएं हैं तो ममता दीदी को इस कांड को लेकर प्रदर्शन करने का कोई तथ्य नहीं है। ममता दीदी तो खुद दोषियों को बचाने की फिराक में लगी हुई हैं। बंगाल की जनता इतनी भी मूर्ख नहीं है कि वह दीदी के इस कृत्य को नजरअंदाज कर दे, इसका दुष्परिणाम ममता सरकार को भुगतना पड़ेगा।

मिनी ट्रक से लाखों की दवाइयां चोरी

चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

मोदीनगर, करंट क्राइम। बाइक सवार बदमाश दवाइयों का एक पैकेट मिनी ट्रक से चुराकर कर फरार हो गये। दवाइयों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार युवकों की तलाश कर रही है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव सैदपुर डीलना निवासी मनवीर सिंह मिनी ट्रक चलाकर परिवार का लालन-पालन करते हैं। मनवीर सिंह ने बताया कि सुबह करीब दस बजे वह मिनी ट्रक लेकर मोदीनगर स्थित दिल्ली-मेरठ मार्ग पर श्याम मार्केट पहुंचे, इसके बाद उन्होंने साइड में मिनी ट्रक खड़ा कर दिया। इसी बीच वह बीच वह बिल दिखाने के लिए मेडिकल स्टोर पर चले गए। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और दवाईयों से भरा पैकेट उठाकर ले गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मनवीर सिंह ने बताया कि पैकेट में दवाईयों की कीमत डेढ़ लाख रुपए के आसपास थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवारों की तलाश शुरू कर दी गई है।

एसआरएम आईएसटी कैंपस में प्रेरणा दिवस का भव्य आयोजन

मोदीनगर, करंट क्राइम। एसआरएम आईएसटी के संस्थापक कुलाधिपति डॉ0 टीआर पारिवेन्द्र के जन्मदिवस दस दिवसीय प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न उत्सवों का आयोजन किया गया। प्रेरणा दिवस का भव्य समापन 4 सितंबर को ईश्वरी सभागार में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई। डीन डॉ0 आरपी महापात्रा, निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन, मुख्य अतिथि आईपीएस अतिरिक्त पुलिस आयुक्त गाजियाबाद दिनेश कुमार पी0, समापन समारोह के स्पेशल गेस्ट रवीन्द्र शर्मा सभी ने अपने अनुभवों व्यक्त किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 समारोह था। इस विशेष अवसर पर सभी एसआरएम शिक्षण व गैर शिक्षण कर्मचारियों को चांदी का सिक्के भेंट किये गये। समापन डॉ. धौम्या भट्ट ने किया।

मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदी नगर के कर्मचारियों और शिक्षकों ने गुरुवार को कॉलेज परिसर में पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर एक शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया।

इस प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान कर्मचारियों के हितों की ओर आकर्षित करना था, जिन्हें 2004 में लागू की गई नई पेंशन योजना से होने वाले नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन में दर्जनों शिक्षकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपने हाथ में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। कॉलेज के प्रमुख कर्मचारियों और शिक्षक संघ के नेताओं (डॉ. रोहतास, डॉ. सुधीर आदि) ने कहा, पुरानी पेंशन योजना एक कर्मचारी के भविष्य की सुरक्षा की गारंटी देती थी, जबकि नई पेंशन योजना में पेंशन की राशि बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करती है। यह हमारे भविष्य को अनिश्चितता में धकेल रहा है। विरोध प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने अपनी मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा।

जेएमएसआईटी गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर संस्थान परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑडिटोरियम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसमें संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल, निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास, एडमिशन हेड एस. एस. पचौरी और अंकिता चौधरी, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड मिस तनवी गौर ने भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए। प्रोफेसर योगेश शर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। निदेशक डॉ. विश्वास ने डॉ. राधाकृष्णन के विचारों को अपने जीवन में उतारने और उनसे प्रेरणा लेने की महत्ता पर जोर दिया। छात्रों द्वारा अध्यापकों और प्रमुख स्टाफ को विशेष उपाधियों और प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया।

देश को मजबूत करेगा भाजपा का सदस्यता अभियान : श्यामवीर चौधरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी सदस्य श्यामवीर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जो सदस्यता अभियान शुरू किया है, इस अभियान से भारत को मजबूती मिलेगी और उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान से युवाओं की सक्रियता बढ़ेगी जिससे भारत देश मजबूत हो सके। इस अभियान के जरिए अधिक से अधिक संख्या में भाजपा परिवार का हिस्सा बने पूरे विश्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसका सबसे बड़ा परिवार है।

2015 बैच को मिल सकता है कमिश्नरेट में लंबा वेट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 2015 बैच के लगभग 100 से अधिक टू-स्टारों को एक सूचना थोड़ा खुश तो कई को परेशान कर सकती है। वहीं सुनने में आ रहा है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम के बड़ी संख्या वाले टू-स्टारों को यहां पर लंबा वेट मिल सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जो टू-स्टार प्रमुख चौकी, थाने और खास कार्यालय में लगे हुए हैं उनको अभी कार्य मुक्त करने के लिए लंबा समय लिया जा सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि ऐसा भी हो सकता है कि 2015 बैच के यह टू-स्टार पुलिसकर्मी कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में ही दीपावली का त्यौहार भी माना सकते हैं। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अभी लगभग 40 से अधिक टू-स्टार ही गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से सीधे तौर पर रवाना हुए हैं। जिनमें पूर्व में आदेश हुए थे, उसमें से अधिकांश ने अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम नहीं छोड़ा है। तो वहीं जिन 63 उपनिरीक्षकों की अभी लिस्ट आना बाकी था, उनको भी लंबा वेट मिलना बताया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कई दर्जन ऐसे टू-स्टार हैं जो अपनी रवानगी बराबर वाले कमिश्नरेट और पास वाले जनपद में जाने के लिए बेकरार हैं। तो ऐसे भी टू-स्टारों की कमी नहीं है, जो अभी कुछ दिन और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में गुजरा चाहते हैं। कुल मिलाकर स्थिति साफ है जो जाना चाहते हैं उनको जल्दी रवानगी का वेट है। तो जो रुकना चाहते हैं उनका लंबा वेट रास आएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के विश्वसनीय सूत्रों से जो जानकारी निकल कर आई है, उसके अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से बाहर जाने वाले उप निरीक्षकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। वहीं सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि कई ऐसे टू-स्टार हैं जो 2015 बैच के हैं और वो अब चौकी से हटकर साइड लाइन वाली पोस्टिंग भी चाह रहे हैं ताकि वह रवानगी तक सेफ बने रहे हैं। वहीं कई ऐसे फेस भी हैं जो रवानगी वाली लिस्ट में होने के बावजूद पुलिस के उस एक्टिव ग्रुप में भी हाल ही में जोड़े गए हैं, जो प्रमुख माना जाता है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि कई ऐसे चौकी प्रभारी भी हैं, जिनको यह डर है कि कहीं जाते-जाते उनका चौकीक्षेत्र या चौकी ना बदल जाए।

एसएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद खोड़ा नगरपालिका सरस्वती विहार के एसएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस। शिक्षक दिवस पर सबसे पहले गुरु मेरे माता और पिता जी जिनसे जीवन का पहला पाठ हमें जन्म से ही मिलता है, दूसरा हमें बचपन से विद्यालय के समय से जीवन को ज्ञान के मार्ग से प्रकाशित कर हमें उन्नति के मार्ग पर प्रकाशित करने वाले सभी गुरुजनों को 5 सितंबर शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत बहुत बधाई। गाजियाबाद खोड़ा नगरपालिका सरस्वती विहार के एसएस इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन पुष्पेंद्र यादव एवं ज्योति यादव ने स्कूल के प्रिंसिपल, बच्चों एवं सभी शिक्षकों के साथ मिलकर शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

मुरादनगर में 14 सितम्बर को व्यापारी सम्मेलन व सम्मान समारोह का होगा आयोजन

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीतपाल त्यागी रहेंगे मौजूद

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में संयुक्त व्यापार संघ के एक प्रतिनिधि मण्डल ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग व विधायक अजीतपाल त्यागी से गाजियाबाद में उनके आवास पर मुलकात की। इस बैठक के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों के मुद्दों को लेकर चर्चा की और 14 सितम्बर को नगर में मैन कस्बा रोड पर होने वाले व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बुलाने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मण्डल के आग्रह पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीतपाल त्यागी ने व्यापारी सम्मेलन में मौजूद रहने का आग्रह स्वीकार किया और व्यापारी समस्याओं को सुनकर जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन भी दिया। संयुक्त व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मण्डल ज्ञानेंद्र सिंघल, पंकज गर्ग, राकेश गोयल, मोहित गर्ग, प्रमोद गुप्ता, हरिओम गुप्त, अजय वर्मा, राजकुमार गोयल, निखिल मित्तल, अंकित गर्ग ने मुलकात की।

गन्ना समिति के चुनाव आते ही राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज

मोदीनगर, करंट क्राइम। गन्ना समिति के चुनाव की तिथि निकट आते ही राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज हो गयी है। भाजपा खेमे ने बकायदा प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। समिति के अधीन आने वाले 164 गांवों से तकरीबन 248 डेलीगेट पदों पर चुनाव होना है। चुनाव की तारीख 3, 16 व 17 अक्टूबर घोषित की गयी है। 24 सितंबर को आपत्ति दाखिल होगी और 25 को मतदाता सूची पर आपत्तियां निस्तारण व अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन होगा। 30 सितंबर को नामांकन वापिस लेने का अवसर मिलेगा। इस बार मोदीनगर गन्ना समिति के चुनाव में भाजपा खेमे से कई दावेदार है। जिनमें रजापुर ब्लॉक प्रमुखपति राहुल चैधरी उर्फ डैनी, राजन चैधरी अबुपूर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदितराज नेहरा, जिला महामंत्री अमित विधापुर, पवन बखरवा के अलावा रालोद खेमें से पूर्व चेयरमैन राजकुमार नेहरा उर्फ प्रिंस के अलावा गांव सीकरीकला से पप्पन शर्मा सहित कई अन्य नाम शमिल हैं।

चौथी पीढ़ी के नेतृत्व को पीएम ने सराहा बोले- एक्ट ईस्ट नीति के लिए सिंगापुर अहम

सिंगापुर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र खोला जाएगा, पीएम मोदी का एलान

सिंगापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग के साथ मुलाकात में सिंगापुर के चौथी पीढ़ी के नेतृत्व की सराहना की और सिंगापुर के विकास की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मुझे विश्वास है कि चौथी पीढ़ी के नेतृत्व में सिंगापुर और तेजी से विकास करेगा।' गौरतलब है कि लॉरेंस वॉन्ग ने इस साल मई में ही सिंगापुर के पीएम पद की शपथ ली थी।

वॉन्ग भी सत्ताधारी पार्टी पीपल्स एक्शन पार्टी के नेता हैं, जो देश की सत्ता पर बीते पांच दशकों से काबिज है। इस तरह से वॉन्ग सत्ताधारी पार्टी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं।

भारत-सिंगापुर में मजबूत हो रहा सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंगापुर, विकासशील देशों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री के सिंगापुर दौरे पर दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए हैं। जिनमें स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, एआई और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत की एक्ट ईस्ट नीति के लिए भी सिंगापुर अहम देश है।' दोनों देशों के बढ़ते व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों पर पीएम मोदी ने कहा कि 'बीते 10 वर्षों में दोनों देशों के बीच होने वाला व्यापार दोगुने से ज्यादा हो गया है। आपसी निवेश भी तीन गुना बढ़कर 150 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। सिंगापुर ही वो पहला देश है, जहां हमने यूपीआई को लॉन्च किया।'

सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के संबंधों का आधार : प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने बीते 10 वर्षों में सिंगापुर की 17 सैटेलाइट को भारत की धरती से लॉन्च किया है। रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ रहा है। सिंगापुर एयरलाइंस और एयर इंडिया के बीच बढ़ रहे सहयोग से कनेक्टिविटी भी मजबूत हो रही है।

प्रधानमंत्री ने सिंगापुर में रहने साढ़े तीन लाख भारतीय मूल के लोगों को दोनों देशों के संबंधों का आधार बताया। साल 2025 में दोनों देश अपने संबंधों की 60वीं सालगिरह मनाएंगे। इस अवसर पर दोनों देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

भारत में बैठकर बांग्लादेश पर राजनीतिक टिप्पणियां न करें हसीना : मोहम्मद यूनुस

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में बैठकर जिस प्रकार की राजनीतिक टिप्पणियां कर रही हैं वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक बांग्लादेश उनके प्रत्यर्पण के लिए भारत से वार्ता नहीं करता है, तब तक उन्हें अपना मुंह बंद ही रखना चाहिए, ताकि दोनों देशों के संबंध पूर्व की भांति ही बने रहें। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि हसीना का भारत की ओर से राजनीतिक टिप्पणी करना एक 'अमित्रतापूर्ण संकेत' है।

भारत के पड़ोसी मुल्क में आरक्षण को लेकर हुआ देशव्यापी हिंसा के बाद बनी अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में ये बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों से तनाव को खत्म करने और उन्हें और बेहतर बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत पर भी

जोर दिया।

इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है, लेकिन भारत को अपनी उस सोच से बाहर निकलना होगा कि शेख हसीना के बिना बांग्लादेश की स्थिति अफगानिस्तान की तरह हो जाएगी। साथ ही उसे अवामी लीग को छोड़कर शेष अन्य राजनीतिक दलों को इस्लामिक के रूप में चित्रित करना भी बंद करना चाहिए।

शेख हसीना को मोहम्मद यूनुस ने दी नसीहत : मोहम्मद यूनुस ने शेख हसीना को नसीहत देते हुए आगे कहा कि भारत में भी उनके रुख से कोई भी सहज नहीं है। वह भारत में हैं और कुछ ऐसे बयान देती हैं जो कि समस्या पैदा करते हैं। भारत में बैठकर वह बोल रही हैं और निर्देश दे रही हैं। यह किसी को रास नहीं आ रहा। उन्होंने आगे कहा कि अगर भारत उसे तब तक अपने पास रखना चाहता है जब तक बांग्लादेश (सरकार) उन्हें वापस नहीं चाहती, तो शर्त यह होगी कि उनको चुप रहना होगा।

शेख हसीना के इस बयान के संदर्भ में बोले यूनुस : यूनुस का यह बयान 13 अगस्त को शेख हसीना द्नारा दिए गए बयान के संदर्भ में आया है। दरअसल, 13 अगस्त को शेख हसीना ने न्याय की मांग करते हुए कहा था कि हाल में बांग्लादेश में हुए आतंकवादी कृत्यों, हत्याओं और बर्बरता में शामिल लोगों की जांच की जानी चाहिए। उनकी पहचान करके उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य पर बोले यूनुस

इस दौरान भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य पर भी मोहम्मद यूनुस ने बात की। उन्होंने भारत के साथ अच्छे संबंधों की इच्छा जताते हुए कहा कि नई दिल्ली को यह कहना छोड़ देना चाहिए कि केवल हसीना का नेतृत्व ही देश की स्थिरता देता है। बांग्लादेश किसी भी अन्य देश की तरह एक पड़ोसी है। वहीं, आगे देश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों की हालिया घटनाओं और भारत द्वारा इस पर चिंता जताए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे बहाना करार दिया।

अंतरिम सरकार के प्रमुख बोले

'हिंदुओं पर हमले सांप्रदायिक नहीं बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया'

ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद से अशांति बनी हुई है। देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों को लेकर अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने फिर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर हमले सांप्रदायिक से ज्यादा राजनीतिक हैं। इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। यूनुस ने भारत द्वारा इस मुद्दे को उठाने के तरीके पर भी सवाल उठाया।

'राजनीतिक अस्थिरता के नतीजे थे हमले'

अपने आधिकारिक आवास पर पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए हमले सांप्रदायिक से ज्यादा राजनीतिक थे। उन्होंने कहा कि हमले सांप्रदायिक नहीं थे। बल्कि राजनीतिक अस्थिरता का नतीजा थे। दरअसल, ऐसी धारणा थी कि ज्यादातर हिंदू अवामी लीग के शासन का समर्थन करते हैं।

उन्होंने कहा, ₹मैंने (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी से से भी यह कहा है कि इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इस मुद्दे के कई पहलू हैं। जब देश (शेख) हसीना और अवामी लीग के अत्याचारों के बाद उथल-पुथल के दौर से गुजरा तो जो लोग उनके साथ थे, उन्हें भी हमलों का सामना करना पड़ा।₹ शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद भड़की हिंसा के दौरान अल्पसंख्यक हिंदुओं के व्यवसायों, घरों और पूजा स्थलों को निशाना बनाया गया था। छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने इस साल पांच अगस्त को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद भागकर भारत आ गईं।

पीएम मोदी को दिया था हिंदुओं की सुरक्षा करने का भरोसा

पिछले महीने अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के बाद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया था कि ढाका हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया था।

प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत-सिंगापुर में चार हुए अहम समझौते

डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और स्किल डेवलेपमेंट के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

सिंगापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगापुर दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सिंगापुर की संसद गए, जहां उनका औपचारिक स्वागत किया गया। बाद में पीएम मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के बीच प्रतिनिधि स्तर की बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच चार अहम समझौते हुए। इन समझौतों से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। भारत सिंगापुर में डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और स्किल डेवलेपमेंट के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है।

भारत और सिंगापुर के बीच जो पहले समझौते हुआ, उसके तहत भारत सरकार का इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना मंत्रालय और सिंगापुर का डिजिटल डेवलेपमेंट मंत्रालय मिलकर डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। इससे दोनों देशों के बीच डिजिटल तकनीक जैसे डीपीआई, साइबर सिक्योरिटी, 5जी, इमर्जिंग तकनीक जैसे सुपर कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति बनी।

श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने और डिजिटल डोमेन में काम करने वाले लोगों के स्किल को बेहतर बनाने के साथ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम मजबूत करने का भी समझौता किया है। इसके तहत देश में सेमीकंडक्टर क्लस्टर बनाए जाएंगे और सेमीकंडक्टर डिजाइन और उत्पादन में लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी करेंगे सहयोग

भारत और सिंगापुर के बीच एक समझौता स्वास्थ्य क्षेत्र में हुआ है। इसके तहत दोनों देश स्वास्थ्य क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देंगे। साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव के लिए भी दोनों देशों में समझौता हुआ है। साथ ही दोनों देश शिक्षा और एंटरप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे। भारत के इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना तकनीक मंत्रालय ने सिंगापुर संसाधन, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे। इस समझौते के तहत भारत के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए सिंगापुर में काम करने के मौके बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को सिंगापुर दौरे पर पहुंचे हैं और दो दिवसीय दौरे का आज उनका आखिरी दिन है।

सिंगापुर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र खोलेगी भारत सरकार

प्रधानमंत्री मोदी के सिंगापुर दौरे पर दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक क्षेत्र में भी सहयोग पर सहमति बनी है। इसके तहत सिंगापुर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। इस पोस्ट में वित्त मंत्री ने लिखा कि 'सिंगापुर में तमिल भाषा, सभ्यता और तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।'

मिशेल बार्नियर बने फ्रांस के नए प्रधानमंत्री

यूरोपीय संघ में संभाल चुके कई महत्वपूर्ण पद

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को मिशेल बार्नियर को नया प्रधानमंत्री नामित किया है।

बार्नियर यूरोपीय संघ के पूर्व ब्रेग्जिट वाताकार रहे हैं। उन्होंने 2016 से 2021 तक यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के बीच ब्रेग्जिट पर वार्ता की थी। यह नियुक्ति दो महीने पहले हुए चुनाव के बाद की गई है। बार्नियर ने पहले भी देश की सरकारों में विभिन्न पदों पर काम किया है। वह पहले यूरोपीय संघ के आयुक्त रह चुके हैं।

बार्नियर के पास फ्रांसीसी और यूरोपीय राजनीति में 40 साल का अनुभव है। वह पहले फ्रांस के विदेश, कृषि और पर्यावरण मंत्री के रूप में पद संभाल चुके हैं। वे दो बार ईयू के आयुक्त रहे हैं। इसके अलावा, वह ईयू

बार्नियर के पास फ्रांसीसी और यूरोपीय राजनीति में 40 साल का अनुभव

की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के सलाहकार भी रहे हैं। 2021 में बार्नियर ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की थी। हालांकि, पार्टी के भीतर से उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाया था। राष्ट्रपि मैंक्रों ने जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री गेब्रिएल एटल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था।

हैरिस के साथ होने वाली बहस पर डोनाल्ड ट्रंप मैं उन्हें बिना रुकावट के बोलने दूंगा

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों के बीच अगले सप्ताह बहस होने वाली है।

ऐसे में पूर्व राष्ट्रपति का कहना है कि वह अपनी प्रतिद्वंद्वी हैरिस को बिना किसी रुकावट के बोलने की योजना बना रहे हैं। बता दें, बहस पेंसिल्वेनिया के सबसे बड़े शहर फिलाडेल्फिया में होगी।

'बहस दिलचस्प होती हैं'

डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को पेनसिल्वेनिया के हैरिसबर्ग में एक टाउन हॉल की बैठक के दौरान कहा, 'मैं उन्हें बोलने दूंगा। बहस दिलचस्प होती हैं।

आप अपनी सभी रणनीतियों के साथ जा सकते हैं, लेकिन आपको इसे महसूस करना होगा।'

इस दिन होगी...

एक अमेरिकी टीवी न्यूज चैनल पर 10 सितंबर को दोनों उम्मीदवारों के बीच बहस होगी। यह बहस दोनों के लिए बड़ी परीक्षा है। हालांकि, ट्रंप पहले ही आरोप लगा चुके हैं कि यह टीवी चैनल उपराष्ट्रपति हैरिस के पक्ष में है।

बता दें, न्यूज चैनल ने बुधवार को बहस के नियम जारी किए, जिसे दोनों उम्मीदवारों के अभियानों द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। हालांकि, ट्रंप बहस के लिए अपनी योजनाओं को थोड़ा बदलते दिख रहे हैं।

पहले बहस का कर चुके हैं विरोध : ट्रंप ने अतीत में राष्ट्रपति अभियान द्वारा नियोजित बहस योजना का विरोध किया है, जिसमें विस्तृत नीति ब्रीफिंग और नकली आदान-प्रदान शामिल हैं। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टीम से कम औपचारिक तैयारी करवाना और अपने ज्ञान पर अधिक भरोसा करना पसंद किया।

'इस बार ट्रंप का जीतना जरूरी', एलन मस्क ने खुलकर किया ट्रंप का समर्थन, किया बड़ा दावा

वाशिंगटन। दिग्गज अरबपति एलन मस्क अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक माने जाते हैं। अब एक बार फिर मस्क ने खुलकर ट्रंप का समर्थन किया है। एलन मस्क ने कहा है कि अगर अमेरिका के लोग अपनी आजादी को बरकरार रखना चाहते हैं तो डोनाल्ड ट्रंप की जीत जरूरी है।

मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा- ट्रंप का जीतना जरूरी

एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि 'मैं पहले भौतिक तौर पर राजनीति में सक्रिय नहीं था, लेकिन इस बार मुझे लगता है कि जैसी सभ्यता हम जानते हैं, वह इस बार दांव पर है। अगर हम चाहते हैं कि देश में आजादी और योग्यता बरकरार रहे तो ट्रंप का जीतना जरूरी है।'

दरअसल सोशल मीडिया पर एक

पोस्ट किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि एलन मस्क भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं और ट्रंप के कैपेन मेक अमेरिका ग्रेट अगेन या टअऋ्र का भी समर्थन कर रहे हैं। इसके जवाब में एक यूजर ने मस्क की तारीफ की और लिखा कि 'मुश्किल जानकारी को भी आसान शब्दों में समझाने के मामले में मस्क शानदार हैं।' इसी पोस्ट पर मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए उक्त ट्वीट साझा किया।

पहले भी ट्रंप का समर्थन कर चुके हैं मस्क : गौरतलब है कि मस्क पहले भी ट्रंप का खुलकर समर्थन कर चुके हैं। जब पेंसिल्वेनिया की रैली में ट्रंप पर हमला हुआ था, तो उस वक्त मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप का समर्थन किया था और ट्रंप की तुलना पूर्व राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट से की थी।

उसके बाद से ट्रंप अक्सर ऐसे पोस्ट करते रहते हैं, जिनमें ट्रंप के लिए समर्थन होता है। बीते दिनों मस्क ने ट्रंप का इंटरव्यू भी किया था और वह ट्रंप की कैबिनेट में भी जिम्मेदारी संभालने की इच्छा जता चुके हैं।

नेतन्याहू का समझौते की संभावना से इनकार, हमास भी अड़ा

यरूशलम। इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग को एक साल होने वाला है, लेकिन ये जंग थमने की जगह बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में हमास ने सात अक्तूबर 2023 को बंधक बनाए गए लोगों में से छह की हत्या कर दी थी। जिसके बाद से युद्धविराम की मांग तेज हो गई है। इस्राइल में भी लोग बंधकों को छुड़ाने में फेल साबित होने के लिए नेतन्याहू का विरोध कर रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि इस्राइल गाजा में केवल तभी स्थायी युद्धविराम पर सहमत होगा, जब यह गारंटी होगी कि फिलाडेल्फिया कॉरिडोर का इस्तेमाल कभी भी हमास के लिए जीवन रेखा के रूप में नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा नहीं होता, हम पीछे नहीं हटेंगें।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अहम माने जाने वाले फिलाडेल्फिया कॉरिडोर पर आईडीएफ के कब्जे को बरकरार रखने के अपने फैसले पर जोर दिया। साथ ही युद्ध विराम के लिए नए

गाजा में नए युद्धविराम वार्ता की कोई आवश्यकता नहीं -हमास

समझौते के पहले चरण में इस इलाके से हटने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन पर ज्यादा दबाव बनाएगा तो उनकी वापसी प्रभावी रूप से असंभव हो जाएगी। हालांकि नेतन्याहू ने कहा कि किसी को तो वहां होना ही चाहिए। युद्ध के बाद गाजा पर जो भी शासन करे वो पक्ष हमें इस बात की गारंटी दे कि इस गलियारे का उपयोग हमास के लिए हथियारों और रसद की तस्करी के मार्ग के रूप में नहीं किया जाएगा।

नेतन्याहू ने कहा कि मेरे पास कोई ऐसा व्यक्ति लाओ जो वास्तव में यह दिखा सके। कागज पर नहीं, शब्दों में नहीं, स्लाइड पर नहीं बल्कि दिन-प्रतिदिन, सप्ताह-दर-सप्ताह और महीने-दर-महीने दिखाए कि वह वास्तव में वहां पहले जो हुआ था, उसकी पुनरावृत्ति को रोक सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो हम इस पर विचार करने के लिए तैयार हैं, लेकिन मुझे अभी ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

गौरतलब है कि मिस्र की सीमा से लगे गाजा पट्टी के दक्षिणी किनारे पर स्थित फिलाडेल्फिया कॉरिडोर एक बफर जोन है, जिस पर समझौते की बात चल रही है। नेतन्याहू ने इस इलाके से पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया है।

इस बीच, हमास ने नए युद्धविराम समझौते की जरूरत से इनकार कर दिया है। हमास ने कहा कि गाजा के लिए नए युद्धविराम प्रस्तावों की कोई आवश्यकता नहीं है।

इस्राइल पर अमेरिका के पहले के समझौते पर सहमत होने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए। साथ ही हमास ने इस्राइल पर दक्षिणी गाजा में फिलाडेल्फिया कॉरिडोर से पीछे हटने से इनकार कर वार्ता को फेल करने का आरोप लगाया है। हमास ने कहा कि नेतन्याहू हमारे लोगों के खिलाफ आक्रामकता को बढ़ाने के लिए वार्ता का उपयोग कर रहे हैं। साथ ही हमास ने यह भी कहा कि उसने अमेरिका द्वारा 2 जुलाई को रखे गए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कन्या राजकीय इंटर कॉलेज के कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन

छात्राएं कंप्यूटर शिक्षा की बारीकियों को जानें और अपना भविष्य सुधारें : नरेंद्र कश्यप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रदेश सरकार कन्याओं की शिक्षा पर ध्यान दे रही है और उनकी पढ़ाई को ओर बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विजयनगर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को यहां गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने छात्रों से मुलाकात की और उनको कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं होता है। छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें और जिले में प्रदेश का नाम रोशन करें।

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं सीखेंगी बेहतर कम्प्यूटर ज्ञान

करंट क्राइम। विजयनगर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यहां की छात्राएं अधिक बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगी। साथ ही उनको नई तकनीक और शिक्षा पद्धति का भी इसके माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए कहा है कि वह कंप्यूटर की शिक्षा की बारीकियां को जानें और अपना भविष्य सुनहरा बनाएं।

यूपी सरकार कन्या शिक्षा पर दे रही हैं पूरा ध्यान : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार कन्याओं की शिक्षा पर पूरा ध्यान दे रही है। राजकीय कन्या विद्यालयों के शिक्षा के स्तर को सुधरा गया है। इसी वजह से इनका रिजल्ट भी अब बेहतर आ रहा है। साथ ही यहां आधुनिक और कंप्यूटर शिक्षा पर भी अधिक फोकस किया जा रहा है ताकि छात्राएं बेहतर शिक्षा हासिल कर सकें

कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार व शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने किया खेल स्टेडियम का उद्घाटन

चौधरी चरण सिंह स्मारक जनता इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए की खेल सामग्री समर्पित की एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चौधरी चरण सिंह स्मारक जनता इंटर कॉलेज पतला में केंद्रीय उद्यमिता में कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार व शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी ने खले स्टेडियम का उद्घाटन कर 10 लाख रुपए की खेल सामग्री खिलाड़ियों को समर्पित की एवं खिलाड़ियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाज ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महामंत्री योगेंद्र सिंह ने किया बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, नगर पंचायत पतला की अध्यक्ष रीता चौधरी, जनता पीजी कॉलेज पतला के संरक्षक चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी,

संस्थापक चौ. तेजपाल सिंह, इंटर कॉलेज के प्रबंधक सतपाल सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह, जनता पीजी कॉलेज के अध्यक्ष सुबोध कुमार, प्रबंधक राजेंद्र चिकारा, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अतुल कुमार, अध्यक्ष अमित त्यागी, चौ.जयदीप सिंह, प्रदीप चौधरी,रणवीर दहिया, देवेंद्र पतला, सत्येंद्र तोमर, अरूण दहिया आदि इस अवसर पर मौजूद रहे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की और छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। एनसीसी के क्रेडिट ने मंत्री जी को गार्ड ऑफ ओनर दिया।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधित बैठकें सम्पन्न

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन व अध्यक्षता में क्रमवार दो बैठकों का आयोजन किया गया। मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एवं मतदेय स्थलवार मतदाताओं का भौतिक सत्यापन के प्रतिशत के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं की संख्या बढ़ने के दृष्टिगत मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1400 से अधिक मतदाताओं के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में विधानसभावार मतदेय स्थलों का विवरण के अनुसार 1400 से अधिक मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों की कुल संख्या 39 है। जिसमें विधानसभावार मतदेय स्थलों में 53- लोनी में 6, 54- मुरादनगर में 8, 55- साहिबाबाद में 20, 56- गाजियाबाद में 3, 57- मोदीनगर में 0, 58- धौलाना (आंशिक) 02 हैं। बैठक के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह ने आयोग के निदेर्शों के क्रम में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बंध में की जाने वाले कार्यवाही की नियमावली सूची सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाई। साथ ही कहा कि यदि अन्य किसी भी मतदेय स्थल के सम्भाजन के सम्बंध में सूचना देनी हो तो लिखित में सूचना समयावधि के अन्दर उपलब्ध कराएं।

निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। मतदेय स्थलवार मतदाताओं का भौतिक सत्यापन के प्रतिशत के संबंध में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने बीएलओ द्वारा कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एआरओ को सख्ती से आदेशित किया कि उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर कार्यवाही की जाए। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक के दौरान प्रथम बैठक में मुख्य रूप से राजनैतिक पार्टियों में सुभाष चन्द्र शर्मा बीजेपी, दयाराम सैन बसपा, वीरेन्द्र यादव सपा, फैजल हुसैन सपा, ताहिर हुसैन सपा, सुमित आप, सैफी आप, मनोज कुमार, बिजेन्द्र कुमार, त्रिफूल सिंह, प्रदीप, अमित कुमार, डॉ.आदेश कुमार, सौरभ सिंह सहित अधिकारीगण एवं द्वितीय बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम अरुण दीक्षित, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, रामजतन मिश्र उप कृषि निदेशक, अमित कुमार कृषि अधिकारी, डीपीओ शशी वार्ष्णेय, तहसीलदार मोदीनगर अरुण अग्रवाल, डीआईओ वाईपी सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर गुरुवार को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत के साथ। यादगार पलों के साक्षी बने सयुस के युवा नेता अमन यादव।

पार्षद कुसुम गोयल में किया विकास कार्य का उद्घाटन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 72 की पार्षद कुसुम गोयल के पार्षद निधि से कौशांबी जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी की नाली और फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के एल सचदेवा द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा सभी सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूल माला पहनाकर किया गया। क्षेत्र में चल रही अन्य विकास कार्य के बारे में वहां के लोगों को बताया गया। इस अवसर पर जनरल सेक्रेटरी समाजसेवी एस आर सिंह, शोभा रानी, बरनवाल उपाध्यक्ष, रेनू मल्होत्रा संयुक्त सचिव ममता कलरा, स्वाति अग्रवाल, भूपेंद्र पांडे, ओम दत्त शर्मा, अजय कुमार गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, केएल चावला, रामजी प्रसाद, सिन्हा मंजू बरोनिया, पूजा मेहरा, प्रीति वर्मा, पूनम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये याराना है ये सात समुंदर पार का तराना है। गोविंदपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू अपने प्रिय मित्र विपुल शर्मा से मिलने अमेरिका गए हैं। ये यारों की वो यारी है जो कई रिश्तों पर भारी है। लास वेगास से लेकर एरिजोना के पलो को ये दोस्त साझा कर रहे हैं। ये पोस्ट दोस्ती का एक संदेश अपने आप में समाहित किए हैं। अमेरिका से भारत तक दोस्ती प्यार लगाव रिश्तों की खूबसूरत अहमियत बताती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

लंबी बीमारी के बाद पार्षद का निधन, महापौर और अधिकारियों की शोक सभा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वार्ड 21 भोवापुर क्षेत्र के पार्षद आनंद गौतम का लम्बी बीमारी के चलते गुरुवार को निधन हो गया जिससे नगर निगम परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम में दुःखद घटना पर शोक सभा की गई जिसमें महापौर, पार्षदों एवं समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया तथा परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें एवं दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। पार्षद आनंद गौतम दो बार के पार्षद रहे हैं उन्होंने सदैव अपने क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष किया है। हमेशा अपने वार्ड के विकास कार्यों के लिए बहुत ही शालीनता से काम करने में सक्षम रहे हैं। कभी किसी से भी ऊंची आवाज तक में बात नहीं की। हमेशा अपने अच्छे व्यवहार के कारण सभी का प्यार प्राप्त किया। पार्षद के निधन पर नगर निगम परिवार बहुत ही दुःखी है और सदैव उनके परिवार के साथ है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ताकतवर प्रतिनिधी को समझना होगा मैटर ? बहुत सारे मेंबरों ने उपर भेज दिया है ? लेटर में दिया है कोई बड़ा पैगाम ? मगर इतना जरूर लिखा है कि नहीं हो रहा है निगम में काम ? बिखर गया है एक्ट का करेक्टर कृपया उपर बैठे हुए लोगों आप ही निकालो कोई समाधान ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक मेंबर राम जी के मन में रखते हैं स्थान ? सुना हैं आजकल उनका बिल्डरों पर है बहुत ज्यादा ध्यान ? अब इस ध्यान के पीछे की क्या है वजह ? इस बारे में तो वो ही ठीक से बता सकते हैं श्रीमान ? या तो वो जनता की समस्या सुलझा रहे हैं ? या फिर निकाल रहे हैं अपना ही कोई काम ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब ले रहे थे सदस्यता अभियान की बैठक ? तब मैं बैठक में था मौझूद ? यहाँ पर कई दिलों में उठ रहे थे सवाल ? क्या शहर विधान सभा से तय तो नहीं हो जाएगा किसी बाहर के चेहरे का वजूद ? सुना है इस सस्पेंस से उठा दिया ठाकुर साहब ने परदा ? कहा शहर विधान सभा में नहीं होगी हेलिकॉप्टर से कोई भी लेंडिंग ?बाहर के चेहरे का यहाँ पर रहेगा हमेशा मामला पेंडिंग ? स्थानिय चेहरा ही लड़ेगा चुनाव ? जैसे ही ये शब्द उनके मुख से निकले, तब दूर हो गया कई ही दावेदारों का तनाव ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा रोबिन भईया का संजय कांत भईया के लिए है इतना प्यार ? उनकी इस मुहब्बत को देखकर मैं हैरान हो गया यार ? वो कर रहे थे कान्त भईया की बहुत ज्यादा चिंता ? कह रहे थे कुछ भी हो इस बार आना चाहिए इस चहरे का नामित वाली लिस्ट में नाम ? मैं देख रहा हूँ ये लंबे समय से पार्टी के लिए कर रहे हैं काम ? हर व्यवस्था को देते हैं मजबूती से अंजाम ? इस चहरे की चर्चा आप भी अखबार में कर दो श्रीमान ? इस बार लग जाएगी थोड़ी सी जैक तो हो जाएगा हमारे भाई का काम ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि साइकिल वाले युवा पंडित जी उठाते हैं जनता की आवाज ? उनका शुरू से रहा क्रांतीकारी अंदाज ? इस अंदाज ने कराए है उनपर पर कई मुकदमे दर्ज ? फिर भी वो निभा रहे है अपना फर्ज ? सुना है उनकी इस हिस्ट्री का मैटर हो गया है आम ? खाकी वालो के खेमे में फिर से चल गया है उनका नाम ? कभी भी आ सकता है उनके पास कोई पैगाम ? हो सकता है ये अफवा हो ? क्योंकि आजकल उन्होंने खीचा हुआ है अपनी गतिविधियों से सभी का ध्यान ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसलिए हमें भाता है पूर्व मेयर अशु वर्मा का अन्दाज ? वो सम्मान की परंपरा को हमेशा कायम रखते हैं ? चाहे कोई भी हो जाए बात ? हमने देखा वो मंच पर थे कुर्सी पर विराजमान ? तभी उनका पड़ा सामने से आते हुए विधायक अजीत पाल त्यागी जी पर ध्यान ? उन्होंने छोड़ दी विधायक जी के लिए सीट ? मगर सीट छोड़ने वाली बात नहीं की त्यागी जी ने स्विकार ? उन्होंने कहा, आप जहां हैं बैठे रहें ? मैं दूसरी कुर्सी डलवा लूँगा ? इस बात पर नहीं दी पूर्व मेयर वर्मा जी ने सहमती ? खड़े हो गए वो उस कुर्सी से, जिस पर होना था विधायक जी को विराजमान ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है संगठन के पदाधिकारियों के दिल में नहीं है कोई खोट? मगर सदस्यता अभियान की बैठक के बाहर खटक रहा था हमें लगा हुए एक बोर्ड? हमने देखा सदस्यता वाले इस बोर्ड में त्यागी जी ने दिया कमांडर से लेकर बाकी महानमंत्रियों को स्थान? मगर यहां पर चूक गये वो अपने बिरादरी वाले भाई को देने के लिए स्थान? कहने वाले ने कहा कि हो रही थी कार्यक्रम में इस बात की चर्चा? कहने वाले कह रहे थे ऐसे कैसे चढ़ेगा सदस्यता अभियान परवान? अगर दूरियों का दिखाये जायेगा ऐसा ही दर्जा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर निगम के एक जाट पार्षद के दिल में लग रही है मौजूदा निगम के हालातों को देखकर आग? सुना है उनका ये दर्द कभी भी बाहर आ सकता है बनकर सैलाब? खुद को उन्होंने सिर्फ संबंधों के नाते किया हुआ है कंट्रोल? मगर उन्होंने अपने साथियों में ये भी संदेश दे दिया है कि अगर सिस्टम को पटरी पर जल्दी से नहीं लाया गया, तो मैं बोलूंगा हर उस चेहरे के खिलाफ? जिनका है नगर निगम में बड़ा रोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर भाटी जी ने जब से एक हाथ को छोड़कर दूसरे हाथ से पकड़ा है कमल? तब से घूमी हुई है हमारी अक्ल? जो भी हो ये उनकी मर्जी है, उनका है फैसला? मगर भगवा होने के बाद भी उन्होंने भगवागढ़ के नेताओं से बनाया हुआ है फासला? हमने जब किये उनके होर्डिंग के दीदार? अपने होर्डिंग पर उन्होंने केवल कमल लगाया, अपने खास लोगों के फोटो लगाये? मगर होर्डिंग से कर दिये राष्ट्र, प्रदेश और स्थानीय नेताओं के चेहरे बाहर? लगता है अभी शिद्दत से नहीं हुआ है भगवा वालों से प्यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सदस्यता अभियान का था मौका? हमने देखा वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब ने मौके पर एक संगठन के ब्राह्मण मंत्री को टोका? कहा अब तो है आपके मन को शांति? अब तो नहीं कर रहे हो फेसबुक पर क्रांति? जब कह रहे थे ठाकुर साहब थिरकने वाले भैया से ये बात? तब नजर आ रही थी काफी चेहरों पर मुस्कुराहट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।